# न फिजा में तनाव, न चेहरों पर शिकन - अयोध्या में गंगा जमुनी तहजीब है कायम

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राम लला की इस नगरी के लोगों की जिंदगी में कहीं, किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं हुई है व सदियों से चली आ रही गंगा जमुनी तहजीब कायम है। मंदिरों में रोज की तरह सवेरे सवेरे लोग पूजा करने पहुंचे हैं, घंटियां बजने की आवाजें आ रही हैं, हिंदू हों या मुस्लिम, सभी इलाकों में दुकानें हर रोज की तरह खुली हैं व सामान्य दिनों की तरह बच्चे गलियों में खेलते नजर आ रहे हैं। ना शहर की फिजा में तनाव है व न लोगों के चेहरों पर किसी तरह की शिकन।

धार्मिक नगरी अयोध्या से बस्ती आजमगढ़ सुल्तानपुर की ओर जाने वाले तमाम रास्तों पर जिन लोगों से बातचीत हुई, सब का यही मानना है कि इंसानियत से बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता। फैसला सभी को स्वीकार है व सब उससे संतुष्ट हैं। विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिस तरह का जज्बा दिखाया व जिस तरीके से इस फैसले का स्वागत किया उससे हिंदू समुदाय के लोग अभिभूत महसूस कर रहे हैं। शहर में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। सुरक्षा वयवस्था चाक चौबंद है, पुलिस लगातार गश्त कर रही है। नया घाट पर रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई व लोग सरयू में डुबकी लगाते देखे गए। कुछ श्रद्धालु हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन करने पहुंचे, एक दल कर्नाटक के बेंगलुरु से भी आया था हनुमानगढ़ी व कनक भवन सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में आम दिनों की तरह आरती व पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में महाराष्ट्र, असम से आया तीर्थ यात्रियों व श्रद्धालुओं का दल भी शामिल हुआ। धार्मिक स्थानों के अलावा शहर के तमाम सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व ऐसी ही अन्य जगहों पर आज रौनक देखी गई। लोग आम दिनों की तरह घूमते फिरते खरीदारी करते नजर आए।

## मंदिरों में रोज की तरह पूजा करने पहुंचे लोग, बजीं घंटियां

### ऐतिहासिक है अदालत का फैसला

अदालत का फैसला ऐतिहासिक है। दोनों पक्षों का ध्यान रखा गया है। ये भारत की गंगा जमुनी तहजीब के संस्कार को परिलक्षित करने वाला फैसला है। - **अमरेन्द्र कुमार मिश्रा, आरपीएफ के पूर्व कमांडेंट**

### साथ थे, साथ हैं व आगे भी रहेंगे

जो फैसला आया है, उसके पहले भी व उसके बाद भी हिंदू मुसलमान साथ मिलजुल कर रहते आये है व आगे भी रहेंगे। - **राजेश सिंह सेंगर, वरिष्ठ पत्रकार**

### अमन चैन चाहता है मुसलमान

भारत ट्रेडर्स के मालिक मोहम्मद नौशाद ने बताया कि शहर के हालात सामान्य हैं। रोज की तरह लोग अपने काम में लगे हुए हैं। फैसला आया, लोगों ने फैसले का स्वागत किया। मुसलमान अमन चैन चाहता है।




## खबर संक्षेप

### भाजपा सांसद तीरथ सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे

**देहरादून।** उत्तराखंड में पौड़ी से भाजपा सांसद तीरथ सिंह रावत रविवार को हरिद्वार में सड़क दुर्घटना में उस समय बाल-बाल बच गए जब उनकी कार एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में पलट गई। हालांकि, दुर्घटना में सांसद को कंधे, गर्दन व अन्य हिस्सों में कुछ अंदरूनी चोटें आई हैं पर उनकी स्थिति खतरे से बाहर हैं। उनके कार चालक, गनर को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना दिल्ली से पौड़ी जाते समय हरिद्वार में भीमगौडा के पास उस दौरान हुई जब एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में रावत की कार पलट गई।

### पेड़ से लटका मिला पुलिसकर्मी का शव

**बांदा (उप्र)।** बांदा से सटे चित्रकूट जिले की पुलिस लाइन में पुलिसकर्मी का शव पेड़ से लटकता पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने रविवार को बताया कि 'मूलतः राजापुर थाने के मलवारा गांव निवासी पुलिसकर्मी भूपत (27) का शव शनिवार को खोह गांव पुलिस लाइन परिसर में पेड़ से फांसी के फंदे में लटका मिला। ऐसा लगता है कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### कार खड़े ट्रक से टकराई, तीन लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में कुशहा मोड़ के समीप रविवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार के सड़क किनारे ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए।
मदनपुर थानाध्यक्ष पी के सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर हुए इस हादसे में मारे गये लोगों में अनूप कुमार (12), पिंटू राय उर्फ अनिल राय (35) और यश कुमार (25) शामिल हैं जो कि रोहतास जिले के राजपुर थाना अंतर्गत इटनिया गांव के निवासी हैं।

## हमने कभी नहीं कहा कि महागठबंधन से अलग होंगे: मांझी



**पटना।** बिहार के पूर्व सीएम, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने रविवार को कहा कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं कहा कि उनकी पार्टी महागठबंधन से अलग होगी। मांझी ने हाल ही में प्रदेश में विपक्षी दलों के महागठबंधन से बाहर जाने के संकेत दिए थे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के युवा प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के बाद मांझी ने पत्रकारों से कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि महागठबंधन से अलग होंगे।
इसी शर्त पर आए थे कि महागठबंधन की समन्वय समिति का गठन किया जाएगा व जो भी निर्णय लिए जाएंगे इस समिति के माध्यम लिए जाएंगे। अगर इस समिति का गठन नहीं होगा तो हम उनके साथ नहीं रहेंगे। 13 नवंबर को होने वाले महागठबंधन के महाधरना में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर तभी शामिल होगी जब गठबंधन में समन्वय समिति का गठन होगा। पटना में गुरुवार को केंद्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद मांझी के बिहार विस 2020 के चुनाव स्वतंत्र रूप में लड़ने के पुराने निर्णय को दोहराये जाने पर उनके महागठबंधन के अलग होने के कयास लगाए जाने लगे थे।

### बिहार: देशभर से पहुंचे सैकड़ों धावक पर ठीक नहीं थी व्यवस्था

# मैराथन दौड़: प्रतिभागियों ने किया जमकर हंगामा

एजेंसी ⏭ दरभंगा

बिहार के दरभंगा में रविवार को होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैराथन दौड़ के शुरू होने से पहले ही प्रतिभागियों ने आयोजन समिति पर कुव्यवस्था का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। प्रतिभागियों ने पहले मैदान में बने मंच को तोड़फोड़ कर आग के हवाले किया। उसके बाद दरभंगा की सड़कों पर घंटों उत्पात मचाते रहे।

कई गाड़ियों के शीशे तोड़े तो कई गरीब के ठेलों को आग के हवाले कर दिया। देर से पहुंची पुलिस ने आखिरकार प्रतिभागियों को किसी तरह खदेड़ने में कामयाब रही। दरअसल, दरभंगा के संस्कृत विश्विद्यालय के खेल मैदान से अंतरराष्ट्रीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें देश भर से सैकड़ों प्रतिभागी दौड़ में हिस्सा लेने पहुंचे थे। प्रतिभागी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौड़ में भाग लेने के लिए एक प्रतिभागी से 1500 रुपये भी आयोजन समिति ने लिया पर व्यवस्था ठीक नहीं है। इसलिए लोगों का गुस्सा फूटा।





- आयोजन समिति ने पैसे लेकर की चीटिंग: डीवाईएसपी
- एक प्रतिभागी से 1500 रुपये लेने के बाद भी थी व्यवस्था में कमियां व इसलिए लोगों का फूट गया गुस्सा

### प्राथमिकी दर्ज, होगी गिरफ्तारी

मौके पर पहुंचे डीवाईएसपी अनोज कुमार ने बताया कि घटना सुबह-सुबह हुई। कुव्यवस्था के कारण प्रतिभागियों ने हंगामा किया व आगजनी की है, आयोजन समिति पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिभागियों से आयोजन समिति ने पैसे लेकर चीटिंग की है।

### देर से मौके पर पहुंची पुलिस और पप्पू तो आए ही नहीं

दौड़ का आयोजन किस संगठन ने किया, इसकी भी किसी को ठीक से जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि मैराथन दौड़ का उद्धघाटन, सम्मान समारोह कार्यक्रम जनअधिकार (जाप) पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व सांसद पप्पू यादव के हाथों होना था पर हंगामा के बाद पप्पू आयोजन स्थल पर नहीं पहुंचे। वहीं, देर से पहुंची पुलिस हंगामा करने वाले प्रतिभागियों को किसी तरह समझाने बुझाने का प्रयास कर मामले को शांत किया।

# 'एक-एक पैसे के भुगतान की जिम्मेदारी ले सरकार'

**पीएफ घोटाला:** बिजलीकर्मियों की मांग, गजट अधिसूचना जारी हो

एजेंसी ⏭ लखनऊ

- मांग नहीं मानी तो घोटाले के विरोध में जारी रहेंगी सभाएं

यूपी में बिजलीकर्मियों की भविष्य निधि (पीएफ) के 2268 करोड़ रुपये डीएचएफएल में फंस जाने के मामले में बिजलीकर्मियों के प्रमुख संगठनों ने राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार से पीएफ भुगतान की जिम्मेदारी लेने व मामले में गजट अधिसूचना जारी करने की मांग की है। 'विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति' व पावर आफिसर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से मांग की है कि वह पीएफ के एक-एक पैसे के भुगतान की जिम्मेदारी ले व मामले में गजट अधिसूचना जारी करे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि सीएम योगी से मांग की है कि वह तत्काल प्रभावी हस्तक्षेप करें, सरकार पीएफ के भुगतान की जिम्मेदारी लेकर गजट अधिसूचना जारी करे। पीएफ घोटाले के विरोध में सभाओं का क्रम जारी रहेगा, 14 नवंबर को लखनऊ में सरकार के ध्यानाकर्षण के लिये विशाल रैली निकाली जाएगी। अगर पुलिस से दमन की कोशिश की गई तो तीखी प्रतिक्रिया होगी व कर्मचारी तत्काल हड़ताल पर चले जायेंगे।




### कारपोरेशन के पूर्व चैयरमैन हो बर्खास्त

संघर्ष समिति के संयोजक दुबे ने बताया कि समिति की रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में तय की गई रणनीति के मुताबिक पीएफ घोटाले पर सभी परियोजनाओं/जनपदों में सभाएं जारी रहेगी। आगामी 18 व 19 नवंबर को बिजलीकर्मी 48 घंटे तक कार्य बहिष्कार करेंगे। पीएफ घोटाले को दबाने की कोशिश की जा रही है जिससे कर्मचारियों में खासी नाराजगी है। घोटाले के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार पावर कारपोरेशन के पूर्व चैयरमैन आलोक कुमार हैं जिनके कार्यकाल में दागी कंपनी डीएचएफएल को बिजलीकर्मियों के पीएफ के 4122 करोड़ रुपये जमा किये गये। मांग है कि घोटाले के आरोपी कुमार को बर्खास्त कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

### कर्मचारियों के पीएफ के फंसे हैं 2268 करोड़ रुपये

गौरतलब है कि बिजली कर्मियों के पीएफ के करीब 7 हजार करोड़ रुपये नियम विरुद्ध तरीके से डीएचएफएल, पीएनबी हाउसिंग, एलआईसी हाउसिंग में निवेश किये जाने का आरोप है। इनमें से 65 प्रतिशत रकम यानी लगभग 4122 करोड़ रुपये डीएचएफएल में 'फिक्स्ड डिपॉजिट' किये गये थे। इसमें से करीब 1854 करोड़ रुपये वापस मिल गये थे। अब उसमें 2268 करोड़ रुपये फंस गये हैं।

## राशिफल 11 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। अचानक धन लाभ के योग हैं। कार्यक्षेत्र पर काफी सारी चीजों में व्यस्त रहेंगे। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक:** 18, **रंग** : ब्राउन।

**वृष:** व्यायाम से फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। पैसे बचाकर सामान की खरीददारी कर पाएंगे।करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की मदद को आगे आएंगे। **शुभ अंक:** 6, **रंग:** वॉयलेट।

**मिथुन:** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। परिवार के किसी सदस्य की शादी के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक** : 7, **रंग:** क्रीम।

**कर्क:** सेहत में सुधार के योग हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर किसी नए प्रोजेक्ट में व्यस्त रहेंगे। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** रॉयल ब्लू।

**सिंह:** सेहत में सुधार के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में अलग-थलग महसूस कर सकते हैं। लंबी यात्रा पर जाने से पहले अच्छे से तैयारी कर लें। **शुभ अंक:** 3, **रंग:** केसरिया।

**कन्या:** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। क्रिएटिविटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर चीजें अधूरा छोड़ने के कारण समस्या हो सकती हैं। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** हरा।

**तुला:** परिवार के बड़े सदस्य की सेहत को लेकर चिंतित होंगे। अच्छे दाम में शॉपिंग करने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र पर कोई उत्साहित करने वाली खबर मिल सकती है। **शुभ अंक:** 5, **रंग** : हरे रंग के सभी शेड्स।

**वृश्चिक:** सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। अचानक किसी चीज की खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर काम को लेकर सतर्क रहें। यात्रा पर जाना फायदेमंद रहेगा। **शुभ अंक:** 17, **रंग** : टरक्वॉइश।

**धनु:** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। फिजूल खर्चों को कम कर धन की बचत पर ध्यान दें। फ्री लांसिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। प्रॉप्रर्टी विवाद का मामला सुलझ सकता है। **शुभ अंक** : 9, **रंग:** मरुन।

**मकर:** आपके प्रयासों के चलते आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर चीजों को संभालने में कामियाब होंगे। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक** : 1, **रंग:** क्रीम।

**कुंभ** : सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। किसी चीज में किया गया फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर किसी क्लांइट को समझाना मुश्किल हो सकता है। **शुभ अंक** : 11, **रंग:** गाढ़ा आसमानी।

**मीन:** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए धन का इंतजाम आसानी से कर लेंगे। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। परिवार संग समय बिताना मुश्किल होगा। **शुभ अंक** : 6, **रंग** : कॉफी।

### : टिप्स :

1. अपने घर के मुख्य द्वार को साफ सुथरा रखें। इससे ची का प्रवाह घर की तरफ होता रहता है। घर के सामने कचरा या गंदगी जमा न होने दें।
2. अपने कपड़े रखने वाले अलमारी में कोई सुगंध वाली टिकिया रखें। इस एरोमापेथी से आप अपने प्यार में जुनून को बनाए रख सकते हैं।
3. कार्यालय या घर में विक्ट्री होर्स को स्थापित करें। ऐसा करने से आप अपनी परियोजना, कैरियर विकास करने के अवसरों में जीत प्राप्त करेंगे।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# झारखंड विस चुनाव: भाजपा ने उतारे 52 प्रत्याशी, जमशेदपुर से लड़ेंगे दास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिये 52 उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी की।

सीएम रघुवर दास जमशेदपुर पूर्व से चुनाव लड़ेंगे जबकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ चक्रधरपुर से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि राज्य में प्रथम चरण के चुनाव के लिये नामांकन पत्र दायर करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर है, ऐसे में पार्टी ने पहली सूची जारी की है। उन्होंने जोर दिया कि झारखंड में बहुत ही सकारात्मक सहयोग का वातावरण देखने को मिलता है। समाज के सभी वर्गों का समर्थन सीएम रघुवर दास को मिल रहा है। पिछले पांच सालों में भाजपा की सरकार के कारण व्यापक बदलाव देखने को मिला है, इसीलिए लोगों का समर्थन उभर के आया है।

### सूबे की तकदीर बदली, अब बनाएंगे सरकार: जेपी नड्डा

जपी नड्डा ने कहा कि झारखंड में दास के नेतृत्व, पीएम मोदी के राष्ट्रीय नेतृत्व में सभी योजनाओं के माध्यम से झारखंड की तस्वीर, तकदीर बदली है। इससे झारखंड में हम बहुत अच्छे से सरकार बनाएंगे ऐसा हमारा विश्वास है।



### मोदी, शाह की मौजूदगी में फाइनल हुई सूची

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पहली सूची को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने की। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी आदि मौजूद थे।

### दुमका से लड़ेंगे मरांडी

बोरियो से सूर्या हंसदा, दुमका से डॉ. लुईस मरांडी, कोडरमा से नीरा यादव, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, राजमहल से अनंत ओझा, लिटीपारा से धनियाल किसकू, शिकारीपारा से पारितोष सोरेन, जामतारा से वीरेन्द्र मंडल, चतरा से जनार्दन पासवान, सिंदरी से राज सिन्हा, झरिया से रागिनी जंग लड़ेंगे।

## कांग्रेस ने घोषित किए 5 प्रत्याशी, उरांव लड़ेंगे लोहरदगा से चुनाव


**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की पहली सूची रविवार को जारी कर दी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामेश्वर उरांव को पार्टी ने लोहरदगा (सु) विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक द्वारा पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के अनुमोदन से जारी पहली सूची में उरांव व चार अन्य उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिये 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में मतदान होगा। मतगणना 23 दिसंबर को होगी। कांग्रेस ने पहले चरण के चुनाव वाली 13 में से पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करते हुये मनिका (सु) सीट से रामचंद्र सिंह, डाल्टनगंज से के एन त्रिपाठी, बिश्रामपुर से चंद्रशेखर दुबे व भवंतपुर से के पी यादव को उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि 13 नवंबर है। कांग्रेस ने झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिये झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) व राजद के साथ चुनावी गठबंधन किया है। गठबंधन का नेता झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को बनाया गया है। गठबंधन में हुए सीटों के बंटवारे के तहत कांग्रेस 31, झामुमो 43 व राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष ने भी की पांच प्रत्याशियों के नाम की घोषणा

**रांची।** झारखंड विस चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को 5 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। आरजेडी ने हुसैनाबाद सीट से संजय सिंह यादव, गोड्डा से संजय प्रसाद यादव, देवघर से सुरेश पासवान, चतरा से सत्यानंद भोक्ता व छतरपुर से विजय राम को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। बता दें कि झारखंड में आगामी चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेजेपी), कांग्रेस व आरजेडी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।



### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी आरपीएन को जिला प्रशासन का नोटिस

**रांची।** कांग्रेस एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के झारखंड प्रभारी आरपीएन सिंह को रांची जिला प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में आरपीएन सिंह को 48 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। नोडल पदाधिकारी एमसीएमसी कोषांग-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची ने आरपीएन सिंह को यह नोटिस जारी किया है। सिंह पर आरोप है कि 8 नवंबर, 2019 को उन्होंने प्रशासन की अनुमति के बगैर दि रांची प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

## काशी में जुलूस...



**वाराणसी।** रविवार को ईद मिलाद-उन-नबी समारोह के दौरान जुलूस में हिस्सा लेते मुस्लिम श्रद्धालु।

### शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गये जुलूस-ए-मोहम्मदी

**लखनऊ।** पैगाम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर बारावफात का त्योहार पूरे यूपी में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अगले दिन रविवार को सूबे में पुलिस के कड़े पहरे के बीच जगह-जगह जुलूस-ए-मुहम्मदी का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रदेश में जगह-जगह शांतिपूर्ण तरीके से परम्परानुसार जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाले गये। देर शाम तक कुल 5000 में से 4100 जुलूस निकाले जा चुके थे। इस दौरान कहीं से कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। नियंत्रण कक्ष के जरिये हर जुलूस पर पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखने व कड़ी कार्रवाई करने की वजह से भी हालात सामान्य बनाये रखने में खासी मदद मिली है। शनिवार को अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद रात में रोशनी के कार्यक्रम भी परम्परागत रूप से आयोजित किये गये।

### भारत की क्रेडिट रेटिंग 'नकारात्मक' स्तर पर

# मूडीज रेटिंग के बहाने अखिलेश ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ग्लोबल एजेंसी 'मूडीज' द्वारा भारत को नकारात्मक रेटिंग दिये जाने को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने रविवार को अपने 'ट्वीट' में कहा कि मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत की वर्तमान खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को देखते हुए भारत की रेटिंग नकारात्मक कर दी है, क्योंकि उसका अनुमान है कि आगे भी आर्थिक वृद्धि बहुत कम रहेगी तथा जोखिम और बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल नाकाम भाजपा सरकार में कृषि तथा किसान भी मर रहा है व उत्पाद तथा सेवा क्षेत्र भी।



### रेटिंग गिरने की वजह बनी आर्थिक मंदी समेत कई खामियां

मालूम हो कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने मूडीज ने गत आठ नवंबर को भारत की क्रेडिट रेटिंग को 'स्थिर' से घटाकर 'नकारात्मक' कर दिया है। एजेंसी के मुताबिक भारत में मौजूदा आर्थिक मंदी, रोजगार सृजन के मामले में कमजोरी व गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों की खस्ताहाली तथा हाल-फिलहाल स्थिति में सुधार के आसार न होने की वजह से यह रेटिंग दी गई है।

## खबर संक्षेप



### ठाणे में संपत्ति विवाद को लेकर बुजुर्ग ने पत्नी की हत्या की

**ठाणे** । महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 65 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। श्रीनगर पुलिस थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपी सोमनाथ शुक्ला शहर में इंदिरा नगर इलाके का रहने वाला है। उसने विवाद के बाद अपनी पत्नी शारदा (55) की हत्या कर दी। उन्होंने बताया दो फ्लैटों के मालिकाना हक को लेकर दोनों के बीच अक्सर लड़ाई होती थी। ये फ्लैट वर्तमान में उनके बेटों के नाम पर हैं। रविवार रात लड़ाई के बाद सोमनाथ ने शारदा की गला घोंटकर हत्या कर दी। हमने हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार किया है।

### पश्चिम बंगाल में लगभग शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण हुआ : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि राज्य में लगभग सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। 'विश्व टीकाकरण दिवस' पर बनर्जी ने रोगों के खिलाफ टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि स्वस्थ जीवन के लिये यह जरूरी है। बनर्जी ने ट्वीट किया आज 'विश्व टीकाकरण दिवस' है। रोगों के विरुद्ध टीकाकरण एक स्वस्थ जीवन के लिये जरूरी है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि पश्चिम बंगाल में लगभग शत प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण के जरिए रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिये हर साल 10 नवंबर को 'विश्व टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है।

### जंगली हाथी के हमले में एक की मौत, महिला घायल

**कोयंबटूर।** जिले के पोलाची कस्बे के पास एक गांव में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य महिला घायल हो गयी। पुलिस ने बताया कि शनिवार को अर्थनारीपलयम में हाथी की चपेट में आने से राजेंद्रन नामक एक किसान की मौत हो गयी। उसके बाद उसी हाथी ने तीर्थम्मल नाम की महिला पर हमला किया। महिला को गंभीर चोटें आयी हैं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी के हमले से लोगों में दहशत फैल गयी। पुलिस ने बताया कि गांववालों के दबाव के कारण रविवार को वन विभाग ने जंगली हाथी को वापस जंगल में भेजने के लिए प्रशिक्षित हाथी की सहायता ली।

### कार पलटने से दो युवकों की मौत, दो घायल




**जयपुर।** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक कार नीलगाय से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई जिससे दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मरीजों के शिविर से लौट रही निजी अस्पताल की एक कार गुंजासरी गांव के पास नीलगाय से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई जिससे कार में सवार सलीम (30) और मुकेश (29) की मौत हो गई जबकि उषा और रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायल महिलाओं को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस

## राज्य में सरकार गठन को लेकर गतिरोध जारी

# शिवसेना किसी भी कीमत पर महाराष्ट्र में अपना मुख्यमंत्री बनाएगी : संजय राउत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सरकार नहीं बनाने की भाजपा की घोषणा पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि पार्टी किसी भी कीमत पर राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाएगी। राउत ने संवाददाताओं से कहा महाराष्ट्र में किसी भी कीमत पर शिवसेना का मुख्यमंत्री बनेगा। उद्धव ठाकरे ने रविवार को पार्टी विधायकों से कहा कि मुख्यमंत्री शिवसेना का ही बनेगा। भाजपा ने रविवार को कहा कि उसके पास अकेले दम पर बहुमत नहीं है, इसलिए वह महाराष्ट्र में सरकार नहीं बनाएगी. राउत ने कहा भाजपा का मुख्यमंत्री कैसे बनेगा, जबकि वह सरकार बनाने का दावा भी पेश नहीं कर रही है। भाजपा ने रविवार को ऐलान किया कि वह महाराष्ट्र में सरकार नहीं बनाएगी। पार्टी ने यह फैसला सहयोगी रही शिवसेना के असहयोगात्मक रवैये के बाद किया। भाजपा के फैसले की घोषणा करते हुए महाराष्ट्र पार्टी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पर विधानसभा में दोनों दलों के गठबंधन को मिले जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाया। शिवसेना आधे कार्यकाल के लिए अपने मुख्यमंत्री की मांग कर रही है। वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं चाहती है। भाजपा के राज्य में सरकार बनाने से इंकार के बाद कांग्रेस ने यह प्रतिक्रिया दी है।



### हिंदी कविता के जरिये राउत ने फडणवीस पर साधा निशाना

मुंबई। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को एक हिंदी कविता का सहारा लेकर भाजपा नेता पर निशाना साधा और उन्हें राजनीति के बड़े खेल में नौसिखिया बताया। मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर भाजपा और शिवसेना के बीच जबरदस्त टकराव चल रहा है जिससे राज्य में सरकार गठन को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है। 49 वर्षीय फडणवीस पर निशाना साधते हुए राउत ने ट्वीट किया जो खानदानी रईस हैं वो मिजाज रखते हैं नरम अपना, तुम्हारा लहजा बता रहा है, तुम्हारी दौलत नयी नयी है। राज्यसभा सदस्य राउत ने पिछले सप्ताह भाजपा पर निशाना साधने के लिये अपने ट्विटर हैंडल पर एक हिंदी कविता पोस्ट की थी। फडणवीस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और हालिया विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन में गतिरोध को लेकर सहयोगी शिवसेना को जिम्मेदार ठहराया था। इस्तीफा देने के बाद फडणवीस ने कहा कि भाजपा के लिये यह हैरान करने वाला है कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने नतीजे आने के तुरंत बाद ही यह घोषणा कर दी कि सरकार बनाने के लिये शिवसेना के लिये सारे विकल्प खुले हैं। फडणवीस ने 1990 के दशक में अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत की थी। वह वर्ष 1999 से नागपुर-दक्षिण पश्चिम विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और सबसे युवा महापौर भी रहे हैं। शिवसेना ने दलील दी कि दोनों पार्टियों ने लोकसभा चुनाव से पहले यह फैसला किया था कि मुख्यमंत्री पद ढाई-ढाई साल के लिये साझा होगी।

### शिवसेना को हमारी शुभकामनाएं: भाजपा

चंद्रकांत पाटिल ने कहा- राज्यपाल ने नई सरकार के गठन के लिए भाजपा को न्योता दिया। शिवसेना ने जनादेश का निरादर करते हुए अनिच्छा जाहिर की। हमने राज्यपाल को बता दिया है कि हम सरकार नहीं बनाएंगे। शिवसेना को जनादेश का अपमान करके अगर कांग्रेस और राकांपा के साथ सरकार बनानी है तो हमारी शुभकामनाएं।

### शरद पवार ने सरकार में शामिल होने से इनकार किया था

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि बीजेपी-शिवसेना राज्य में सरकार बनाएं। हमें जनता ने विपक्ष के लिए चुना है, हम विपक्ष में ही बैठेंगे। मेरे पास अभी कहने के लिए कुछ नहीं है। भाजपा-शिवसेना को लोगों का जनादेश मिला है, इसलिए उन्हें जल्द से जल्द सरकार बनानी चाहिए। हमारा जनादेश विपक्ष की भूमिका निभाना है।

### कांग्रेस ने कहा- शिवसेना के साथ नहीं जाएंगे

महाराष्ट्र कांग्रेस ने विधायक दल का नेता चुनने का फैसला कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी पर छोड़ दिया है। साथ ही पार्टी ने तय है कि सरकार बनाने के लिए वह शिवसेना के साथ नहीं जाएगी। जयपुर में रविवार को हुई महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें तय किया गया कि कांग्रेस का एनसीपी के साथ गठबंधन जारी रहेगा।

## तेलंगाना आरटीसी हड़ताल

### परिवहन निगम के कर्मी 11 नवंबर से तेज करेंगे विरोध प्रदर्शन

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विभिन्न मांगों को लेकर 37 दिनों से चल रही परिवहन कर्मियों की हड़ताल 11 नवंबर से तेज की जाएगी। विभिन्न यूनियनों ने शनिवार को यह घोषणा की। टीएसआरटीसी - संयुक्त कार्य समिति के नेता ई अश्वत्थामा रेड्डी ने कहा कि प्रदर्शनकारी 11 नवंबर को सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के सांसदों, विधान परिषद सदस्यों और विधायकों के निवासों के सामने प्रदर्शन करेंगे तथा 12 नवंबर को यूनियन के तीन नेता अनिश्चितकालीन उपवास शुरू करेंगे। तेरह नवंबर को वे दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष हड़ताल के शुरू होने से लेकर अब तक हुए कर्मचारियों के कथित उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करायेंगे। रेड्डी ने कहा कि कर्मी 18 नवंबर को राज्यभर में सड़कों को जाम करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से तेलंगाना उच्च न्यायालय के निर्देश का सम्मान करने और आरटीसी कर्मियों को वार्ता के लिए बुलाने की अपील की।



■ 18 नवंबर को राज्यभर में सड़कों को करेंगे जाम

### राजस्थान में निषेधाज्ञा लगने के कारण कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया स्थगित

**जयपुर।** कांग्रेस द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालयों और जयपुर के कांग्रेस मुख्यालय पर किये जाने वाले धरना-प्रदर्शनों को राज्य में निषेधाज्ञा लगने के कारण आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। संगठन के महासचिव महेश शर्मा ने एक बयान में बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के निर्देशानुसार पूरे राज्य में वर्तमान में धारा 144 लगी होने के कारण 11 नवम्बर को जिला मुख्यालयों और 13 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ किये जाने वाले धरना-प्रदर्शनों को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा शनिवार को अयोध्या पर आये फैसले को देखते हुए एहतियात के तौर पर प्रशासन की ओर से राजस्थान के सभी जिलों में धारा 144 लागू की गई थी और मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया था।

■ पूरे राज्य में वर्तमान में धारा 144 लगी हुई है

## जुलूस...



कोलकाता में रविवार को ईद मिलाद-उन-नबी समारोह के जुलूस के दौरान एक मुस्लिम भक्त तिरंगा फहराते हुए।

## आस्था...



रांची में रविवार को जुलूस के दौरान आग लगाने वाला प्रदर्शन करता एक युवक।

# पश्चिम बंगाल में 'बुलबुल' का कहर

**पश्चिम बंगाल।** बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान बुलबुल शनिवार देर रात पश्चिम बंगाल के समुद्री तट से टकरा गया। हालांकि समय बीतने के साथ यह तूफान कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में तेज हवाओं की चपेट में आने से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

तूफान प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव टीमें भी मुस्तैद हैं। इसके अलावा एतियातन कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार शाम छह बजे से अगले 12 घंटों तक उड़ानों का संचालन स्थगित कर दिया गया।इस तूफान का असर बांग्लादेश और ओडिशा के कुछ हिस्सों पर पड़ा। जहां तूफान के कारण कई पेड़ उखड़ गए हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि समय बीतने के साथ यह तूफान कमजोर हो जाएगा। इस तूफान की वजह से कोलकाता और आस-पास के छह तटवर्ती जिलों में शुक्रवार से ही तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। तूफान की विभीषिका को देखते हुए राज्य के तटवर्ती इलाकों में स्थित पर्यटन केंद्रों को शुक्रवार शाम तक पर्यटकों से खाली करा लिया गया था। ममता बनर्जी ने राहत और बचाव कार्य की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को कंट्रोल रूम का दौरा किया था।



### पीएम ने की ममता से बातचीत


पीएम नरेंद्र मोदी ने तूफान बुलबुल के मद्देनजर पश्चिम बंगाल की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

## एनआरसी पर बचाव की मुद्रा में आई भाजपा

# अयोध्या फैसले का भाजपा को पश्चिम बंगाल में राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

असम में एनआरसी से 12 लाख से अधिक हिंदुओं को बाहर रखे जाने को लेकर बचाव की मुद्रा में आई भारतीय जनता पार्टी को अयोध्या भूमि विवाद पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल में 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद है। न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का शनिवार को रास्ता साफ कर दिया और उसने मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्देश दिया है। भाजपा ने इस साल की शुरुआत में ममता बनर्जी के गढ़ में 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर कब्जा कर लिया था। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के पक्षपातपूर्ण रवैये और अवैध प्रवासियों को बाहर करने के वादे के दम पर यह सफलता हासिल की थी, लेकिन असम में अंतिम एनआरसी से बंगाली हिंदुओं को बड़ी संख्या में बाहर रखे जाने पर उसे काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। एनआरसी में नाम शामिल नहीं होने के भय के कारण कम से कम 11 लोगों की कथित रूप से मौत हो गई या उन्होंने आत्महत्या कर ली। इस बीच, शनिवार को न्यायालय के अयोध्या मामले पर आए फैसले के कारण पश्चिम बंगाल भाजपा को 2021 विधानसभा चुनाव से पहले हिंदू मतों में पैठ और मजबूत करने की उम्मीद है। राज्य भाजपा के सूत्रों ने बताया कि 90 के दशक की शुरुआत में राम मंदिर के मामले से भगवा दल को लाभ हुआ था। उस समय पार्टी ने पहली बार करीब 16 प्रतिशत मत हासिल किए थे। राज्य भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा 90 के दशक में हम लय बरकरार नहीं रख पाए और मत प्रतिशत चार से पांच प्रतिशत तक गिर गया, लेकिन अब राजनीतिक परिदृश्य हमारे लिए लाभकारी है।



### संघ परिवार की तीन दशक पुरानी लड़ाई समाप्त हो गई

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि संघ परिवार की अयोध्या स्थल के लिए तीन दशक पुरानी लड़ाई इस जीत के ही साथ अंततः समाप्त हो गई। घोष ने कहा हम भगवान राम को लेकर राजनीति नहीं करना चाहते, लेकिन यह सच्चाई है कि भाजपा और संघ परिवार पिछले तीन दशक से एक कारण के लिए लड़ रहे थे। इसलिए यदि इससे लाभ होगा तो यह स्वाभाविक है कि भाजपा इसे हासिल करेगी। भगवा खेमे के एक वर्ग के नेताओं का मानना है कि इस मामले पर तृणमूल कांग्रेस की चुप्पी ने भाजपा को उस पर यह आरोप लगाने का नया अवसर दिया है कि वह मुस्लिम समर्थक दल है। भाजपा महासचिव सायंतन बसु ने कहा, ऐसा क्यों है कि न तो तृणमूल और न ही ममता बनर्जी ने इस मामले पर कुछ कहा? उन्हें अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। दरअसल उन्हें आशंका है कि फैसले का स्वागत करने से मुस्लिम वोट बैंक नाराज हो सकता है। इस मामले पर शनिवार रात तक पूरी तरह चुप्पी साधने वाली तृणमूल ने कहा कि हिंदू मतों को जीतने का भाजपा का सपना 2021 में धराशायी हो जाएगा।

### अगर बाबरी मस्जिद अवैध थी तो आडवाणी पर मामला क्यों चलाया गया : ओवैसी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल किया कि अगर बाबरी मस्जिद अवैध था तो लालकृष्ण आडवाणी एवं अन्य के खिलाफ इसे ढहाये जाने के संबंध में मामला क्यों चलाया जा रहा था। यहां शनिवार रात को एक जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम अध्यक्ष ने कहा, अगर बाबरी मस्जिद तब वैध था तो इसकी जमीन उन्हें क्यों दी गयी जिन्होंने इसे ढहाया। अगर यह अवैध है तो इस पर एक मामला क्यों चल रहा है और आडवाणी के खिलाफ मामला क्यों वापस लिया गया। अगर यह वैध है तो इसे मुझे दे दीजिए। शनिवार को अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी ने कहा यह एक मूलभूत सवाल है... हमलोग इस फैसले से खुश नहीं हैं। बाबरी मस्जिद मेरा कानूनी हक है। मैं मस्जिद के लिये लड़ाई लड़ रहा हूं, जमीन के लिये नहीं। शनिवार को अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद वहां राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हो गया। रविवार को ओवैसी ने ट्वीट किया फिर आज एक मुस्लिम क्या देखता है? वहां कई साल से एक मस्जिद थी, जिसे ढहा दिया गया। अदालत ने उस कथित निष्कर्ष पर कि जमीन रामलला से संबंधित है, उस जगह पर निर्माण की इजाजत दी है।



■ बाबरी मस्जिद मेरा कानूनी हक , मैं मस्जिद के लिये लड़ाई लड़ रहा हूं जमीन के लिये नहीं

## चिंतन

# अयोध्या फैसला न्यायिक इतिहास में मील का पत्थर

अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय का सर्वसम्मति से सर्वमान्य फैसला और उसका सब ओर से स्वागत स्याह अतीत की कैद से मुक्त हो रहे भारत की नजीर है। इतिहास में लंबे समय से जारी राम मंदिर बनाम बाबरी मस्जिद विवाद का इतना सुखद व शांतिपूर्ण पटाक्षेप होगा, किसी ने सोचा नहीं था। मात्र एक सप्ताह बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे देश के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने जिस समर्पण और धैर्य के साथ इस मामले की टाइम बॉन्ड सुनवाई की और लगातार 40 दिनों तक चली सुनवाई में सभी पक्षकारों को अपनी दलील देने का पूरा मौका दिया, वह काबिले तारीफ है। विश्व के न्यायिक इतिहास में इतनी लंबी सुनवाई किसी एक मामले की नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भारत के न्यायिक इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। 134 साल से अयोध्या का मंदिर-मस्जिद विवाद चल रहा था, इतने लंबे समय से इस विवाद के जारी रहने से यह मुद्दा आम जनमानस में पैठ कर गया था। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय का इससे जुड़ाव हो गया था। अनेक बार इसे सुलझाने की कोशिश हुई। यह मामला अदालतों में रहा, लिब्रहान समेत कई आयोग बने, कई बार मध्यस्थता से हल करने की कोशिश हुई। विवाद के लटके रहने के चलते कई बार लोगों का सब्र टूटा, लोगों ने निराश होकर धरने-प्रदर्शन किए, 1986 में ताला खोलने व 1992 में विवादित ढांचे के ढहाने जैसी घटनाएं हुईं, इसे सियासी मोहरा बनाया गया और उसे सयास जिंदा रखने की भरपूर कोशिश की गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला भी दिया, लेकिन अयोध्या विवाद नहीं सुलझ सका। आखिरकार यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, यहां भी यह केस सुर्खियां बटोरता रहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने तत्परता दिखाते हुए समयबद्ध सुनवाई कर तथ्यों के आलोक में इस केस में ऐसा फैसला दिया, जो सबको पसंद आया। अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग भी प्रशस्त हुआ और मस्जिद के लिए जमीन भी आवंटित करने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के फैसले में भारत के धर्मनिरपेक्ष मिजाज का पूरा ख्याल रखा गया। शुरूआती नाखुशी के बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड ने भी रिव्यू याचिका शीर्ष अदालत में नहीं दायर करने का फैसला किया। इस स्थिति से स्पष्ट है कि सुप्रीम अदालत के निर्णय सभी पक्षों को मंजूर है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अयोध्या विवाद पर राजनीति करने की कोशिश की थी, जब कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी कि इस केस की सुनवाई आम चुनाव के बाद की जाए। लगातार तुष्टिकरण की राजनीति करने के चलते कांग्रेस की कोशिश हमेशा अयोध्या केस को जिंदा रखने की रही। इस वक्त भी कांग्रेस समर्थित अखबार में अयोध्या पर फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट की तुलना पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट से किया जाना कांग्रेस की तुष्टिकरण की मानसिकता को ही दर्शाता है। शायद देश की नब्ज को नहीं समझ पाने के चलते ही आज कांग्रेस हाशिये पर पहुंच गई है। अयोध्या पर फैसला बेशक अतीत के विवाद को लेकर था, लेकिन इसकी नजीर सदियों तक कायम रहेगी। इस फैसले के बाद सांप्रदायिक राजनीति के एक मुद्दे का भी अंत हो गया। हालांकि अभी कुछ लोग अलग-अलग तरीके से इस फैसले में मीन-मेख निकालेंगे और सांप्रदायिक सदभाव में खलल डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन अभी देश की जरूरत अनुत्पादक मुद्दों से बाहर निकल कर राष्ट्र निर्माण के मुद्दों पर चिंतन करने की है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि अब वक्त कटुता को तिलांजलि देने का है। हमें इस फैसले का स्वागत करना चाहिए, देश में अमन कायम रखना चाहिए और हमें आगे की ओर देखना चाहिए।

## सारा संसार



मैसूर महल अपनी भव्यता के साथ-साथ आलीशान बगीचे और शाही अंदाज़ के लिए जाना जाता है। कर्नाटक में मैसूर के केंद्र में स्थित यह वहां के राजा का महल है और देश की सबसे शानदार संरचनाओं में से एक है। इसे अंबा विलास के नाम से भी जाना जाता है।)

## व्यंग्य

प्रदीप उपाध्याय

# असुरक्षा

किसी जमाने में प्यार करने वालों पर ही बेचारगी का आलम छाया रहता था तभी तो उन्हें यह कहना पड़ता था कि हम प्यार में जलने वालों को चैन कहां, आराम कहां और उछलते कूदते हुए अपना दुखड़ा कुछ ऐसे भी बयान करना पड़ता था, एक बेचारा प्यार का मारा, राहो में तेरी, लेकिन देखिए, जालिम जमाना कितनी जल्दी बदल रहा है। अब तो बेचारगी सिर पर ओढ़े हर कोई पग-पग पर बिखरे पड़े मिलेंगे। इनकी बेचारगी प्यार को लेकर नहीं है। प्यार -मुहब्बत के लिए आजकल इमरान की तरह कटोरा लेकर नहीं घूमना पड़ता है। यह तो बहुत इफराती से मिल रहा है यानी टके सेर भाजी, टके सेर खाजा। संभवतः असुरक्षा का भाव भी यहीं से शुरू हुआ हो। जब कोई चीज फ्री फोकट में आसानी से मिलती है तो उसकी वेल्यू नहीं रहती। खेल भी यहीं से शुरू होता है और लगने लगता है कि अब हाथ से सब कुछ फिसलता ही जा रहा है। रिश्ते सुरक्षित नहीं, भरोसा सुरक्षित नहीं, प्यार सुरक्षित नहीं, मतलब हर तरफ असुरक्षा। लेकिन आमने-सामने ही जब दो बेचारे खड़े हों तो न्याय किसके पक्ष में! जाहिर सी बात है कि देश में रहने में अच्छे-अच्छों को डर लगने लगा है। बेचारे अपने बच्चों के भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। भीड़ का कानून किसी ओर पर चल रहा है, लेकिन डर ने इन्हें जकड़ लिया है। इन बेचारों को लगता है कि घर से ज्यादा पास-पड़ोस अधिक सुरक्षित है जबकि पड़ोसी खुद शुतुरमुर्ग की तरह मुंह धंसाए बैठा है। बेचारे वे पहले कभी डरे नहीं, लेकिन जब उम्र ढलती है, करियर ढलता है तो डर मन के भीतर घर बना लेता है और फिर बेचारे को असुरक्षा की मार से मारने लगता है। बेचारे लोग मानकर चल रहे हैं कि हालात बहुत खराब हैं। लगता भी है कि चाहे देश में हो,चाहे प्रदेश में सब तरफ बेचारे लोग ही परेशान हाल घूम रहे हैं। सत्ता पक्ष में बेचारगी इस बात को लेकर रहती है कि कहीं अगले चुनाव में उनकी कुर्सी खिसक न जाए जबकि बेचारा विपक्ष ज्यादा असुरक्षा की जद में रहता है क्योंकि ये सीबीआई, ईडी-वीडी जैसे न मालूम कौन-कौन से हथियार अर्जुन के तरकश के तीर की मानिंद निशाना बहुत गहरे तक भी भेद देते हैं और महाबली वीर योद्धाओं को शिकार बनाकर चले जाते हैं। अभी तो वे ही ज्यादा बेचारगी महसूस कर रहे हैं। और ये ही क्या, लोकतंत्र के सभी स्तंभ जो कहने को मजबूत खंभे हैं लेकिन वे स्वयं ही अपनी चूलें ज्यादा हिलती हुई महसूस कर रहे हैं, वे बेचारे एक दूसरे को खतरे के रूप में देख रहे हैं और ताजे-ताजे असुरक्षा के मारे कानून के रखवाले और पैरोकार बेचारे पुलिस और वकील आ टपके हैं। रखवालों का रखवाला कौन यह सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरा है। उधर लोगों की आंख से आंसू टपकने को तैयार है और इधर मीडिया लपकने को। बहरहाल आज की स्थिति में आम जनता को छोड़कर बेचारे बाकी सभी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं यानी हर कोई असुरक्षा की मार से बदया का पात्र हो गया है। आम जनता को छोड़कर क्योंकि आम जनता की आंखों से बेचारगी टपकते हुए शायद किसी ने देखी भी नहीं होगी! बोलिए, सच है न।



शिक्षा नीति

रमेश पोखरियाल निशंक

# बदलाव की उम्मीद

वर्ष 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरिक्ष वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन को नई शिक्षा नीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मई माह में जो उस नीति का ड्राफ्ट प्राप्त हुआ उसके लिए मांगे गए सुझावों का विश्लेषण जारी है। हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का मुकाबला अमेरिका, जर्मनी,जापान की नकल कर के नहीं कर सकते। मूल्यों पर आधारित नई शिक्षा नीति भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में सफल होगी।

वर्ष 2014 में एनडीए की सरकार ने देश की कमान संभाली तो स्पष्ट किया था कि वैश्विक परिवेश की नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हमे एक नई शिक्षा नीति की आवश्यकता है। प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति का गठन वर्ष 2017 में हुआ और उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई कि आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा की आवश्यकतानुसार शिक्षा नीति सुझाएं। 31 मई 2019 को नई शिक्षा नीति का ड्राफ्ट स्वीकार कर जब हमने नई शिक्षा नीति को पब्लिक डोमेन में डाला और समस्त हितधारकों से जुड़ने की कोशिश की तो यह विश्व में मुक्त नवाचार का अपनी किस्म का सबसे बड़ा प्रयोग था नई शिक्षा नीति के लिए हमारे पास अब तक सवा दो लाख सुझाव प्राप्त हुए जिनका विश्लेषण गतिमान है।

हमें इस बात का पूरा विश्वास है कि हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का मुकाबला अमेरिका, जर्मनी,जापान की नकल कर के नहीं कर सकते। हमें भारत बनकर ही वैश्विक चुनौतियों से निपटना होगा। हम विश्व गुरु रहे हैं। हमने पूरे विश्व को नेतृत्व दिया है, मार्गदर्शन दिया है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला, वल्लभी जैसे केंद्रों ने संपूर्ण विश्व को नई दिशा दिखाई है, यह सब इसलिए हुआ कि हमारी शिक्षा नीति मूल्यों और संस्कारों पर आधारित थी। चाहे हमारे गुरुकुल रहे हों चाहे विश्वविद्यालय रहे हों। सर्वत्र मानवीय मूल्यों की शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका थी।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति और विकास का आकलन वहां पर मात्र संसाधन जुटा देने मात्र से नहीं होता केवल अवस्थापना या उपकरण जुटाना पर्याप्त नहीं है अपितु वहां के लोगों के द्वारा अपनाने वाली पद्धतियों, संस्कारों, मूल्यों, कार्य-शैलियों से राष्ट्र निर्माण होता है। हम अपने डिजिटल रिसोर्स से शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी तो कर सकते हैं, लेकिन सन्मार्ग पर चलते हुए हमें अपनी कार्य संस्कृति, संस्कारों, मूल्यों और कार्यशैली को भी उसी के अनुरूप ढालना होगा तभी शक्तिशाली भारत, समृद्ध भारत, आयुष्मान भारत, आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।

हमारी अजर-अमर भारतीय संस्कृति हमें उन मानवीय मूल्यों के दर्शन कराती है जो सर्वोत्कृष्ट समाज और राष्ट्र के निर्माण का आधार स्तम्भ है। इस संस्कृति में हमें एकात्म मानववाद से प्रेरित भावनात्मक एकता के दर्शन होते हैं। यही एकता हमारी शक्ति है, यही कारण है कि हजारों सालों के विदेशी आक्रमणों के बावजूद हमने हमारी पहचान नहीं खोई है, इसीलिए मशहूर शायर इकबाल ने कहा है 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।' अगर गौर से देखा जाए तो भारत आदिकाल से ही अनेकता में एकता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करता रहा है। हमने विविधता में एकता से न केवल भारत को जोड़ने की बात कही है अपितु वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देकर पूरे विश्व को अपना परिवार माना है। विश्व बंधुत्व का संदेश देने वाला भारत दुनिया को अन्य देशों की तरह एक बाजार के रूप में नहीं देखता बल्कि अपने परिवार का ही एक हिस्सा मानता है। आज भारत को युवा राष्ट्र की संज्ञा दी जा रही है, कि युवा विद्यार्थियों के रूप मई हमारे पास एक बड़ी शक्ति है। अमेरिकी जनसंख्या से अधिक हमारे विद्यार्थियों की संख्या है। हम इसे सकारात्मक दिशा में ले जाने में सक्षम हैं तो हम नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं एक भाव, जो सब के समक्ष रखना है और यह दृढ़विश्वास भी है, कि भारत की अविरल गरिमामयी परंपरा और संस्कृति को संजोने में राष्ट्रवाद की धारणा और भावना अत्यन्त उपयोगी होती है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्रवाद किसी भी समृद्ध और




विश्व मनीषा को भारत के नवयुवकों में विशिष्ट ऊर्जा दिखाई दे रही है। विकास और प्रगतिशीलता की इस आंधी में विश्व बिरादरी को भारत के बाजार अपनी ओर आकर्षित कर रहें हैं। आर्थिक रूप से सशक्त देश भारत में ही अपना निवेश करना चाहते हैं। विश्व के युवा राष्ट्र के रूप में हमारे पास युवाओं की असीम शक्ति है। शक्ति का सदुपयोग इस बात पर निर्भर करेगा कि किस प्रकार हम इन्हें संस्कारित कर के राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करें। संपूर्ण मानवता की 18 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत का वैश्विक शक्ति के रूप में अभ्युदय इस बात पर निर्भर करेगा कि हमारे समूचे युवा अपनी अपनी क्षमता अनुसार देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। एक ऐसे सशक्त, समृद्ध और वैभवशाली भारत का निर्माण जो संपूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान कर सकें। इस चुनौतीपूर्ण युग में केवल भारत ही वह देश है जो पूरे विश्व में एक देदीप्यमान सितारे की तरह सबका पथ आलोकित करने की क्षमता रखता है।

विश्व के युवा राष्ट्र के रूप में हम सृजनात्मकता, उद्यमिता, नवाचार, शोध एवं अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं। कई बार विभिन्न मंचों पर यह कहा है सार्वभौम देश के लिए रीढ़ का काम करती है। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में राष्ट्रवाद से प्रेरित शिक्षण होना समाज के लिए कहीं अधिक लाभकारी होगा। मेरा तो यह भी मानना है कि हमारे विश्वविद्यालयों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का शिक्षण भी राष्ट्रहित और विकास के उद्देश्य से ही किया जाता है। इसलिए जो लोग राष्ट्रवाद और आधुनिक उच्चशिक्षा व्यवस्था में विरोधाभास देखते हैं, वो कहीं न कहीं बड़ी भूल कर रहे हैं।

आधुनिक विश्व में जिस प्रकार से ऊहापोह मची है, उसमें भारत जैसे प्राचीन और संस्कृति सम्पदा से धनी देश की भूमिका बलवती होती जा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस दृढ़शक्ति और कुशलता से भारत की गरिमा को विश्वपटल पर पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है, उसकी चहुदिश प्रशंसा हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण करने में हमारे शिक्षण संस्थान अद्वितीय योगदान कर सकते हैं। हमारी प्राचीन धरोहर को पुनर्प्राणित कर सकते हैं। आशा की जानी चाहिए कि मूल्यों पर आधारित नई शिक्षा नीति भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में सफल होगी।

# कृपा से प्राप्त होता है सत्य




संकलित

दर्शन

ईशावास्य उपनिषद के पंद्रहवें पद में एक प्रार्थना है, 'हे पालनकर्ता, यह परदा उठाइये' प्रार्थना यह है कि सत्य का चेहरा एक परदे से ढका हुआ है- कृपया उस परदे को उठाइये ताकि मैं सत्य को देख सकूँ। जीवन में हम बाह्य आवरण में फंसे रह जाते हैं; इस अदभुत उपहार को हमने अभी तक खोला भी नहीं है। यदि मैं अपने आप सत्य को खोज सकूँ तब वह सत्य है ही नहीं क्योंकि सर्वोच्च को केवल कृपा से प्राप्त किया जा सकता है। उसतक मेरे द्वारा नहीं पहुँचा जा सकता। और फिर आत्मानुभूति का एक पद है। तुम्हे यह बोध कराने के लिए कि 'मैं वह हूं'। सर्वप्रथम चेतना के सभी गुणों को रास्ता देना होगा। चेतना के विभिन्न पहलू मन को अनुभव करने या अनुभव न करने में समर्थ बनाते हैं। उदाहरण के लिए जब तुम किसी एक व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहे होते हो तुम्हारी चेतना उस वक्त से अलग होती है जबकि तुम विभिन्न परिस्थितियों में भीड़ को संबोधित कर रहे होते हो और उस समय तुम्हारी चेतना कई अलग अलग रूप धारण करती है। जब तुम्हारी बुद्धि इतनी तीक्ष्ण और सजग होती है कि चेतना ऐसा रूप लेती है जहाँ ध्यान नहीं होता। सभी संस्कृतियों में शरीर पर राख मलते हैं। इसका उद्देश्य यह याद दिलाना है कि यह त्वचा राख में बदलने वाली है। यह जानने पर हम अनासक्त हो जाते हैं और यह हमें भूल करने से रोकता है। यदि तुम जानते हो कि कोई राख में परिवर्तित होने वाला है तो तुम फिर कभी उनसे नाराज़ नहीं होगे और उनके प्रति सभी नकारात्मकता गायब हो जाएगी।

# सुख-दुख का मूल है मन



संकलित

प्रेरणा

ज्ञानी के पास जो कुछ है उससे वह खुश है तथा जो कुछ नहीं है उससे भी वह प्रसन्न है। मूर्ख के पास जो भी है उससे वह नाखुश है और जो कुछ नहीं है उसके लिए अप्रसन्न। कोई व्यक्ति हमें दुख नहीं देता न ही जीवन में कोई वस्तु हमारे क्लेश का कारण होती है। यह तुम्हारा अपना मन है जो तुम्हे दुखी बनाता है एवं तुम्हारा खुद का मन ही तुम्हे प्रसन्न और उत्साहित बनाता है। यदि तुम्हारे पास जो कुछ भी है उससे तुम पूरी तरह से तृप्त हो तब जीवन में कोई चाह नहीं होती। यह महत्वपूर्ण है कि आकांक्षाएँ हों परंतु यदि अपनी महत्वाकांक्षा के बारे में तुम ज्वरग्रस्त हो वह अपने आप में एक अवरोध बन जाता है। नल की बहुत तेज़ धार के नीचे जब प्याले को रखा जाता है तो वह कभी नहीं भर सकेगा। नल के पानी को सही रफ्तार से बहाओगे तब प्याला भर पायेगा। यही होता है उन लोगों के साथ जो बहुत अधिक महत्वाकांक्षी या ज्वरग्रस्त हैं। बस संकल्प रखो 'मैं यही चाहता हूँ -और जाने दो। तुम्हारा पूरा जीवन, हर साँस जो तुम लेते हो उपासना का एक रूप है।भक्ति का अर्थ है आदर एवं सम्मान के साथ प्रेम करना। महज़ आराधना भक्ति नहीं है। आराधना का अर्थ है किसी व्यक्ति के खास गुणों के कारण उनसे प्रेम करना। सत्य सदैव सहज होता है एवं वह सृष्टि के सरलतम रूपों में परिव्याप्त है। परिवर्तन को जानो और अपरिवर्तनशील को देखो। जो बदल रहा है उसे जानो और अचानक ही तुम जीवंत हो उठोगे और इसके साथ ही तुम जड़ता या मृत्यु पर काबू पा सकोगे।

## नृत्य-प्रतियोगिता




मेघालय के वेस्ट गारो जिले स्थित असनांग में '42वां ड्रम्स वैंगाला फेस्टिवल' जारी है। इस अवसर पर एक डांस ग्रुप परफार्म करते हुए।)

## आज की पाती

### डोप टेस्ट की अनिवार्यता को बने कानून

नशे और नशीले पदार्थों के सेवन की खबरें इससे पहले भी आती रही हैं, परंतु आजकल सिंथेटिक ड्रग्स, चिट्टा की खबरें ज्यादा सुनाई पड़ रही हैं। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के अलावा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी नशे का कारोबार फैलता जा रहा है। इसे रोकने के लिए आमजनता में जागरुकता के साथ-साथ सरकार को भी अपने स्तर पर पहल करना बहुत जरूरी हो गया है। सरकार इससे निपटने के लिए 15 से 35 वर्ष तक के युवाओं का डोप टेस्ट अनिवार्य करने का कानून बना सकती है और कहीं पर भी दाखिले और नौकरी के लिए आवेदन करते समय इस टेस्ट की एक प्रति अन्य प्रमाणपत्रों के साथ लगाने की शर्त लागू कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो डोप टेस्ट के डर से और अपने भविष्य के प्रति संवेदनशील होकर युवा इस बुराई से बच सकते हैं। *–श्रवण लाल*

## करंट अफेयर


# कातालूनिया को लेकर तनाव के बीच स्पेन में चुनाव



कातालूनिया के अलगाववादी नेताओं को सजा को लेकर चरम तनाव के बीच पिछले चार साल में चौथी बार स्पेन में रविवार को आम चुनाव हुआ। कातालूनिया मुद्दे के के कारण धुर दक्षिणपंथी वोक्स पार्टी का समर्थन बढ़ने की संभावना है। अप्रैल में हुए चुनाव के बावजूद पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाने के कारण प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने फिर से चुनाव करवाया है। पिछले चुनाव में सांचेज की सोशलिस्ट पार्टी ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की लेकिन संसद में बहुमत नहीं जुटा पायी। हालांकि, ओपिनियन पोल से संकेत मिला है कि इस नए चुनाव से भी गतिरोध दूर होने के आसार नहीं है। स्पेन की 350 सदस्यीय संसद में वाम या दक्षिणपंथी किसी भी दल को बहुमत मिलने की संभावना नहीं है। एक बार फिर सोशलिस्ट के सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर सामने आने की संभावना है लेकिन अप्रैल में मिली 123 सीटों की तुलना में उसकी सीटें कुछ कम हो सकती हैं। मुख्य विपक्षी कंजरवेटिव पोपुलर पार्टी (पीपी) की संख्या बढ़ सकती है। मतदान केंद्र सुबह नौ बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार आठ बजे) खुले और रात आठ बजे तक मतदान चलेगा। मतदान खत्म होने के कुछ घंटे बाद परिणाम आने की संभावना है। यह चुनाव ऐसे वक्त हो रहा है जब स्पेन में कातालूनिया को लेकर हालिया समय में संकट गहरा गया है।

## ऑफ बीट

# पर्यावरण : वैज्ञानिकों ने नया दृष्टिकोण अपनाने कहा



पर्यावरण संरक्षणवादी वैज्ञानिकों ने दुनियाभर की सरकारों से मांग की है कि वे आर्थिक विकास के पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को लेकर नया दृष्टिकोण अपनाए। ऑस्ट्रेलिया स्थित क्वींसलैंड विवि के वैज्ञानिकों सहित अन्य वैज्ञानिकों ने कहा कि दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए, जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़े, ताकि आर्थिक विकास से होने वाले नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। नए दृष्टिकोण का उल्लेख जर्नल 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' में टिप्पणी के तौर पर किया गया है। वैज्ञानिकों ने उस विचार को खारिज कर दिया है, जिसके मुताबिक आर्थिक विकास के लिए जैव विविधता को नुकसान अपरिहार्य है। क्वींसलैंड विवि के प्रोफेसर जेम्स वाटसन ने कहा, 'इस नए सकारात्मक दृष्टिकोण का विचार पर्यावरण संरक्षण अनुक्रम पर आधारित है जो जैवविविधता संरक्षण कार्यक्रम का ढांचा इस आधार पर तैयार करेगा कि कैसे पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण में इनकी हिस्सेदारी होगी।' शोधकर्ताओं ने आर्थिक गतिविधियों से सबसे अधिक पर्यावरण को लाभ हो यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक महत्वाकांक्षी और अग्रसक्रिय कदम उठाने की मांग की। वॉटसन ने कहा, 'संरक्षण गतिविधियां इस पर आधारित होनी चाहिए कि प्राकृतिक दुनिया को संरक्षित रखने में हमारे दृष्टिकोण से कितना मेल खाता है।

## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं



ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्मदिवस आस्था, सौहार्द, सहिष्णुता, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। इस संदेश को जीवन में आत्मसात करें। - वेंकैया नायडू

### सोमनाथ को नमन



वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों से एक नया जोश देखने को मिला है। दिल्ली-कटरा वैष्णो देवी ट्रेन ने समय की पाबंदी में एक नया मानदंड स्थापित किया है, जिससे यात्रियों में अपार संतुष्टि और लोकप्रियता बढ़ी है। ट्रेन समय के मामले में बहुत सटीक है और सही समय पर पहुंच रही है। -पीयूष गोयल

### दिल्ली पर गर्व



मुझे दिल्ली पर गर्व है। डेंगू से 100 से ज्यादा देश प्रभावित हुए हैं। किसी ने डेंगू का समाधान नहीं समझा लेकिन दिल्ली ने राह दिखाई। ऐसे अभियान देश के अन्य राज्यों में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में चलने चाहिए। - अरविंद केजरीवाल

### खतरनाक स्तर पर प्रदूषण



वे मुझे हर बार खुद से बेहतर बनाना चाहते हैं। और हर बार जब मैं थोड़ा प्रबंधन करता हूं, तो देखो कि वे मुझे कितना पुरस्कार देने आते हैं। यह प्यार है। इसे हमेशा प्यार करना। धन्यवाद बेंगलुरु! साभार कल्टफिट धन्यवाद बी क्योर फिट। -रितिक रोशन

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# कश्मीर : हजरतबल दरगाह की ओर जाने वाली सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित

# श्रीनगर में ईद-मिलाद-उन-नबी पर नहीं निकला बड़ा जुलूस

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले और ईद-मिलाद-उन-नबी को देखते हुए श्रीनगर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये हजरत बल दरगाह की ओर जाने वाली सभी सड़कों को अधिकारियों ने रविवार को एहतियातन सील कर दिया। न्यायालय के फैसले से पहले अधिकारियों ने शनिवार को समूचे जम्मू कश्मीर केंद्र शासित क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगायी। अधिकारियों ने रविवार को न तो पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के जश्न में निकाले जाने वाले ईद-मिलाद-उन-नबी के बड़े जुलूस की इजाजत दी और न ही हजरत बल दरगाह की ओर ऐसे किसी बड़े जुलूस को जाने की अनुमति दी गयी।

हजरत बल दरगाह में पैगम्बर मोहम्मद के पवित्र अवशेष हैं। इससे पहले भी कश्मीर में सभी बड़े धार्मिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं मिली थी। यहां तक कि श्रीनगर के पुराने शहर के खोजेबाजार इलाके में हजरत नक्शबंद साहिब के दरगाह पर होने वाली पारंपरिक खोजे-दिगर की नमाज की भी अनुमति नहीं मिली थी। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के केंद्र के फैसले के बाद से यहां शुक्रवार को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में सामूहिक प्रार्थना की अनुमति नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को 99वें दिन भी समूची घाटी में सामान्य जीवन प्रभावित हुआ है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद रहे और बाजार भी दोपहर तक कुछ ही घंटों के लिये खुले। उन्होंने बताया कि उपद्रवी और आतंकवादी अघोषित बंद का विरोध करने के लिये भय का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जहां दुकानें खुलती हैं या सड़क किनारे रेहड़ी पटरी वाले अपना कारोबार करते हैं, वहां बंद को लागू करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शहर के व्यस्त गोनी खान बाजार और काका सराय इलाकों में हाल में दो ग्रेनेड हमले हुए जो इस बात के संकेत हैं कि बंद को जारी रखने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय रूप से 'रविवार बाजार' के नाम से मशहूर साप्ताहिक बाजार खुले थे और टीआरसी चौक-लाल चौक सड़क पर कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगायी थीं। गत पांच अगस्त से ही प्रीपेड मोबाइल फोन और सभी इंटरनेट सेवाएं लगातार बंद हैं।





## जम्मू: पाबंदियों में छूट के बीच मुसलमानों ने मनाई ईद

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को पाबंदियों में छूट दिये जाने के बाद मुसलमानों ने ईद-ए-मिलाद-उन-नबी मनाई, हालांकि निषेधाज्ञा लगे रहने के कारण प्रशासन ने इस अवसर पर कोई बड़ा जुलूस निकालने की इजाजत नहीं दी। सीमावर्ती जिले पुंछ और कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को छोड़ कर लोगों को सुगमता से आने-जाने की सुविधा देने के लिये पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने सुबह ही सड़कों से नाकेबंदी और कंटीले तार हटा लिए थे। अयोध्या पर फैसले के मद्देनजर प्रशासन ने शुक्रवार आधी रात के बाद से ही समूचे जम्मू कश्मीर में धारा 144 लगा दी थी जिससे अधिकांश इलाकों में कर्फ्यू जैसी स्थिति नजर आ रही थी। अधिकारियों ने कहा कि दिन के शांतिपूर्वक गुजरने के बाद शनिवार देर शाम लोगों की आवाजाही पर लगी रोक हटा दी गई। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के बाद जम्मू क्षेत्र से निषेधाज्ञा को भी हटाया जा सकता है। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि पुंछ जिले में रविवार को दूसरे दिन भी पाबंदियां लगी हुई हैं और यहां पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों की भारी तैनाती की गई है। जम्मू, किश्तवाड़ और रामबन जिले में संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने नाकेबंदी की। अधिकारियों ने कहा कि राजौरी जिले में विशाल मिलाद जुलूस की मंजूरी दी गई लेकिन इसके अलावा सिखों के 'नगर कीर्तन' समेत किसी भी बड़े धार्मिक जुलूस को अधिकारियों ने कहीं इजाजत नहीं दी। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि मुस्लिम और सिख श्रद्धालुओं को क्रमशः मस्जिदों और गुरुद्वारों में जुटने की इजाजत थी और श्रद्धालुओं ने अपने-अपने मुहल्लों में छोटे जुलूस निकाले लेकिन उन्हें मुख्य मार्ग पर आने की इजाजत नहीं दी गई थी।

## कश्मीर में पांचवीं से नौवीं कक्षा तक की दो परीक्षाएं स्थगित

श्रीनगर, 10 नवंबर (भाषा) कश्मीर में अधिकारियों ने सोमवार से शुरू हो रही पांचवीं से नौवीं कक्षा तक की परीक्षाओं के पहले दो पर्चों को स्थगित कर दिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि निदेशक, विद्यालय शिक्षा के अनुसार उर्दू / हिंदी और अंग्रेजी की परीक्षाएं क्रमशः सोमवार और मंगलवार को आयोजित होनी थी। उन्होंने बताया कि अब ये परीक्षाएं 26 और 28 नवंबर को आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों ने परीक्षाएं स्थगित कराने का कोई कारण नहीं बताया लेकिन संभवतः शुक्रवार को कश्मीर में हुई भारी बर्फबारी के कारण यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं अपने पूर्वनिर्धारित समय से ही होंगी।

## द्रमुक ने केंद्र पर कश्मीर को 'विशाल जेल' में बदल डालने का आरोप लगाया

चेन्नई। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी द्रमुक ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र ने जम्मू कश्मीर क्षेत्र को विशाल जेल में बदल दिया है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित गिरफ्तार किए गए सभी नेताओं को रिहा करने की मांग की। जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर केंद्र के कदम की आलोचना करते हुए एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली पार्टी ने मांग की है कि केंद्र लोगों की भावनाओं का सम्मान करे। पार्टी ने अपनी आम परिषद् की बैठक में एक प्रस्ताव लाया। इस प्रस्ताव में जम्मू कश्मीर विधानसभा की मंजूरी के बिना और वहां के लोगों की राय जाने बिना अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने और क्षेत्र को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने की आलोचना की गयी।

## भूस्खलन के कारण जम्मू श्रीनगर राजमार्ग दोबारा बंद, सामान्य होने में 12 घंटे लगेंगे

जम्मू । जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार दोपहर जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जबरदस्त भूस्खलन के कारण यातायात बंद हो गया जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं । इस घटना से कुछ ही देर पहले यातायात शुरू किया गया था । अधिकारियों ने बताया कि जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात 13 घंटे तक बंद रहने के बाद रविवार की सुबह तीन बजे परिचालन शुरू हुआ । इससे पहले रामबन शहर से दो किलोमीटर पहले महार में भूस्खलन हो गया था । उन्होंने बताया कि सड़कों से मलबा हटाने वाली एजेंसी ने कड़ी मेहनत की ताकि सड़क पर जल्दी परिचालन शुरू हो सके लेकिन ताजा भूस्खलन के कारण सड़क पर लगभग 100 मीटर तक मलबा फैल गया है। उन्होंने बताया कि यह भूस्खलन डिगडोले के निकट हुआ और राजमार्ग को परिचालन योग्य बनाने में 12 घंटे लगेंगे । उन्होंने बताया कि मलबे को साफ करने के लिए श्रमिकों के साथ-साथ मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार घाटी की ओर जा रहे यात्री वाहन एवं आवश्यक वस्तु लेकर जा रहे ट्रकों ने जवाहर सुरंग को पार कर लिया था । उन्होंने बताया कि ताजा भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर 1300 वाहन फंस गए हैं ।

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी के दौरान वाट्सऐप पर चैटिंग करने वाले पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**जबलपुर ।** शहर के संवेदनशील इलाके में शनिवार को सुरक्षा के लिये तैनात पुलिसकर्मियों में से पांच को वाट्सऐप पर चैटिंग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित सिंह ने रविवार को बताया कि सुरक्षा में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान वाट्सऐप पर चैटिंग करने के आरोप में निलंबित किया गया है। इन पुलिसकर्मियों को शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के लिये तैनात किया गया था। एसपी ने संवेदनशील इलाकों में औचक निरीक्षक के दौरान इन पुलिसकर्मियों को सोशल मीडिया पर व्यस्त देखा था। अयोध्या मामले में शनिवार को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के मद्देनजर शहर में एहतियात के तौर पर सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिये गये हैं। सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न इलाकों में 2,500 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं तथा लगभग 25 अस्थायी पुलिस चौकियां बनाई गयी हैं। इसके अलावा पुलिस पूरे शहर में चौकसी गश्त कर रही है।

### गुजरात सरकार ने भावनगर में सीएनजी टर्मिनल को मंजूरी दी

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने भावनगर में सीएनजी टर्मिनल स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस टर्मिनल पर 1,900 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। राज्य सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की अगुवाई वाले गुजरात संरचना विकास बोर्ड ने इस टर्मिनल के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह दुनिया का पहला सीएनजी बंदरगाह टर्मिनल होगा। बयान में कहा गया है कि इस टर्मिनल का विकास संयुक्त रूप से ब्रिटेन मुख्यालय वाले फोरसाइट ग्रुप और मुंबई के पद्मनाभ मफतलाल समूह द्वारा किया जाएगा। गुजरात मैरीटाइम बोर्ड (जीएमबी) ने इस साल जनवरी में हुए वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में भावनगर में इस बंदरगाह टर्मिनल की स्थापना के लिए फोरसाइट समूह के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए थे। सीएनजी टर्मिनल के अलावा निवेशक भावनगर बंदरगाह पर रो-रो टर्मिनल, तरल कार्गो टर्मिनल और कंटेनर टर्मिनल का भी विकास करेंगे। इस पर कुल मिलाकर 1,900 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

### कॉलेज के शौचालय में मृत मिला इंजीनियरिंग छात्र



**तिरुवनंतपुरम।** इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष का एक छात्र संदिग्ध परिस्थिति में परिसर के भीतर शौचालय में मृत पाया गया। पुलिस ने घटना के बारे में बताया । रतीश कुमार के सहपाठी और दोस्तों ने आरोप लगाया कि नशीले पदार्थों के तस्करों से उसे खतरा था जबकि, पुलिस ने कहा कि छानबीन की जा रही है और वह आरोपों पर गौर करेगी । रतीश सात नवंबर से शुरू हो रही परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए कैंपस आया था । एक सुरक्षा गार्ड ने शनिवार को कॉलेज परिसर के एक शौचालय में उसका शव फंदे से लटका हुआ देखा। पुलिस ने बताया कि सात नवंबर से छात्र के लापता होने के बारे पता चलने पर कॉलेज प्रशासन ने कुमार की तलाश शुरू की थी । कॉलेज के प्राचार्य गिजी सी वी ने बताया कि ऐसे कोई संकेत नहीं मिले थे कि वह आत्महत्या करना चाहता था। कॉलेज प्रशासन को बताया गया था कि नशीले पदार्थों के गिरोह के कुछ सदस्यों ने कुछ दिन पहले उसपर और उसके घर पर हमला किया था ।

## माहौल खराब करने के आरोप में 77 लोग गिरफ्तार

**लखनऊ।** अयोध्या मामले पर शनिवार को उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर माहौल खराब करने की कोशिश के आरोप में 77 लोगों को गिरफ्तार किया है। गृह विभाग के सूत्रों ने बताया कि अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद से अभी तक सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक सामग्री डालने के मामले में कुल 34 मुकदमे दर्ज हुए हैं और 77 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को ऐसे 22 मुकदमे दर्ज करके 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब पर डाली गई 4563 पोस्ट पर कार्रवाई हुई।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर सोने की तस्करी के आरोप में तजाकिस्तानी महिला सहित दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर अलग-अलग घटनाओं में 50 लाख रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में 56 वर्षीय एक व्यक्ति और तजाकिस्तान की एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार व्यक्ति बैंकॉक होते हुए ऑकलैंड से दिल्ली पहुंचा था। यहां पहुंचने के बाद उसे रोककर उससे पूछताछ की गयी।

## समारोह...



नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, भाजपा नेता सुमित्रा महाजन और अन्य लोग दत्तोपंत ठेंगडी जन्म शताब्दी समारोह के दौरान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए।

## अयोध्या मामला : जबलपुर की महिला 27 साल बाद करेंगी अन्न ग्रहण

**जबलपुर ।** अयोध्या मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद जबलपुर शहर की 81 वर्षीया महिला 27 साल बाद अन्न ग्रहण करेंगी। इन वर्षों में वह केवल दूध और फलाहार के सहारे थीं। राम जन्मभूमि विवाद का समाधान होने तक महिला ने अन्न ग्रहण नहीं करने का संकल्प लिया था। महिला के परिवार के एक सदस्य ने कहा कि अयोध्या मामले पर शनिवार को शीर्ष अदालत का फैसला आने के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया है। अब, उनका उपवास तोड़ने के लिये जल्द ही एक उद्यापन (व्रत आदि की समाप्ति पर किया जानेवाला धार्मिक कर्म) किया जायेगा। उपवास कर रही महिला उर्मिला चतुर्वेदी के बेटे विवेक चतुर्वेदी ने रविवार को दावा किया मेरी मां पिछले 27 साल से फलाहार और दूध के आहार पर थीं। अयोध्या मामले में शीर्ष अदालत के फैसले को सुनकर वह बहुत खुश हैं। विवेक ने कहा मेरी मां भगवान राम की अनन्य भक्त हैं और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए समाधान का इंतजार कर रही थीं। वह अयोध्या में छह दिसंबर, 1992 की घटना के बाद शुरू हुई हिंसा को लेकर काफी परेशान थीं।

### पाकिस्तान ने वॉर म्यूजियम में लगाया पायलट विंग कमांडर अभिनंदन का पुतला

# भारत के खिलाफ दुष्प्रचार को बढ़ावा दे रहे पाक की घटिया हरकत आई सामने

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत के खिलाफ दुष्प्रचार को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान की एक और घटिया हरकत सामने आई है। पाकिस्तान ने वॉर म्यूजियम में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान का पुतला लगाया है, जिसमें एक पाकिस्तानी सैनिक उन्हें घेरे हुए दिख रहा है। पाकिस्तान के पत्रकार और राजनैतिक टिप्पणीकार अनवर लोधी ने ट्विटर पर आईएएफ पायलट वर्तमान की तस्वीर पोस्ट की है। लोधी ने लिखा पाकिस्तानी सेना ने संग्रहालय में अभिनंदन का पुतला लगाया है। इसे और दिलचस्प बनाया जा सकता था, अगर पुतले के हाथ में शानदार चाय का कप पकड़ा दिया जाता। दरअसल, पाकिस्तान की कैद में रहने के दौरान अभिनंदन का एक वीडियो जारी हुआ था, जिसमें वह चाय पीते हुए नजर आए थे। तब पाकिस्तानी अफसर के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था चाय शानदार है धन्यवाद। पाकिस्तान की कैद में रहने के दौरान अभिनंदन के वीडियो वायरल हुए थे। इसके बाद भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक पायलट की सुरक्षित वापसी की मांग की थी। दो दिन तक कैद में रखने के दौरान पाकिस्तान ने उन्हें 1 मार्च को छोड़ दिया था।



### पाकिस्तानी सैनिक अभिनंदन को घेरे हुए है

लोधी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर जो तस्वीर शेयर की, उसमें अभिनंदन के पुतले के बाजू में एक मग रखा हुआ दिख रहा है। उन्हें पीछे पाकिस्तानी सैनिक खड़ा दिख रहा है। पूरा प्रदर्शन कांच के बक्से में रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मुकाबले से पहले भी एक पाकिस्तानी चैनल के विज्ञापन में अभिनंदन का फूहड़ मजाक उड़ाया गया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर उसकी खासी आलोचना भी हुई थी। यह विज्ञापन अभिनंदन के पाकिस्तान की कैद में रहने पर आधारित था।

### अभिनंदन ने डॉग फाइट में एफ-16 को गिराया था


फरवरी में बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद 24 फरवरी को पाकिस्तान ने जवाबी हमला किया था। इस दौरान अभिनंदन ने अपने मिग-21 से पाकिस्तान के एफ-16 का पीछा किया था। उन्होंने भारतीय सीमा में घुस आए पाकिस्तानी एफ-16 को खदेड़ भी दिया था। लेकिन दोनो देशों के विमानों के बीच हुई झड़प (डॉग फाइट) में उनका मिग-21 विमान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अभिनंदन विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन उन्हें पाकिस्तान की सेना ने हिरासत में ले लिया था। गिरने से पहले उन्होंने एक पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था।

## चमड़ा, स्टील, लोहा और कॉफी उद्योगों के पर्यावरण मानकों को सरकार ने किया संशोधित

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने चमड़ा, स्टील, लोहा और कॉफी की औद्योगिक इकाइयों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये पर्यावरण मानकों में संशोधन किया है। पर्यावरण, वन, एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने रविवार को बताया कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञों और पक्षकारों से पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद मंत्रालय ने इन उद्योगों के पर्यावरण मानकों को संशोधित कर दिया है। जावड़ेकर ने ट्वीट कर कहा पर्यावरण मंत्रालय ने चर्मशोधन इकाइयों, लोहा, स्टील एवं कॉफी उद्योगों के विशेषज्ञों और संबद्ध पक्षकारों से विस्तृत विचार-विमर्श के बाद इन उद्योगों के पर्यावरण मानकों को नये सिरे से संशोधित किया गया है। नये मानकों का मकसद स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करना है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लोहा और स्टील उद्योग के पर्यावरण मानकों में 31 मार्च 2012 को संशोधन किया गया था। पिछले सात वर्षों में पर्यावरण की चिंताओं और विकास संबंधी जरूरतों में व्यापक बदलाव के कारण मानकों को नये सिरे से संशोधित किया गया है। इसके तहत इन औद्योगिक इकाइयों के लिये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कार्बन सहित अन्य तत्वों के उत्सर्जन के मानकों को सख्त बनाया गया है। साथ ही स्टील एवं लौह औद्योगिक इकाइयों के लिये शोधित गैस आधारित ऊर्जा संयंत्र और ब्वॉयलर लगाने की अनिवार्यता को मानकों में शामिल किया गया है।

- नये मानकों का मकसद स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करना है

## खबर संक्षेप



### कोहली जैसा बनना चाहती है बेटीः वार्नर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की बेटी ईवी भारतीय कप्तान विराट कोहली जैसा बनना चाहती है। वॉर्नर की पत्नी कैंडिस वॉर्नर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वॉर्नर की बेटी ईवी यह कहती हुई दिखाई दे रही हैं कि वह भी विराट कोहली है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलामी बल्लेबाल वॉर्नर गेंदबाजी करने जा रहे हैं और बेटी ईवी बल्लेबाजी के लिए तैयार है। इसी दौरान वह बल्लेबाजी से पहले बार-बार कह रही है 'आई एम विराट कोहली, आई एम विराट कोहली।' ईवी ने वीडियो में कहा, 'मैं विराट कोहली हूं।' वॉर्नर की पत्नी ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'इस छोटी लड़की ने काफी समय भारत में गुजारा है और अब विराट कोहली बनना चाहती हैं।'

### आइवरी कोस्ट ने नाइजीरिया को हराया



**जोहानिसबर्ग।** सिलास जिनाका के पेनल्टी से किए गए गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए फुटबाल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के ग्रुप बी के शुरुआती मैच में नाइजीरिया को 1-0 से शिकस्त दी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने एक अन्य मुकाबले में जाम्बिया से गोल रहित ड्रा खेला। जिनाका ने ओलिसा एनडा के फाउल से मिली पेनल्टी का पूरा फायदा उठाया और गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। शुक्रवार को मेजबान मिस्त्र ने ग्रुप के मैचों में माली को 1-0 से शिकस्त दी थी जबकि घाना ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कैमरून से 1-1 से ड्रा खेला।

# 15 साल की शेफाली ने तोड़ा सचिन का 30 साल पुराना रिकार्ड

एजेंसी ▶▶| ग्रोस आइलेट

पंद्रह साल की शेफाली वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी बन गई और उन्होंने सचिन तेंदुलकर का 30 साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया।

शेफाली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 49 गेंद में 73 रन की पारी खेली, जिससे भारतीय टीम ने शनिवार को यहां 84 रन से जीत हासिल की। अपना पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही शेफाली ने अपनी पारी के दौरान छह चौके और चार छक्के जमाए। शेफाली ने यह उपलब्धि 15 साल और 285 दिन की उम्र में हासिल की। इस तरह उन्होंने महान क्रिकेटर तेंदुलकर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपना पहला टेस्ट अर्धशतक 1989 में 16 साल और 214 दिन की उम्र में बनाया था। हरियाणा की इस युवा खिलाड़ी ने पिछले महीने सूरत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने करियर के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 46 रन की पारी खेली थी।

**खास बातें**

- वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच में 49 गेंद में 73 रन की पारी खेली
- भारतीय टीम ने दर्ज की 84 रन की जीत, श्रृंखला में 1-0 से आगे

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने वाली सबसे युवा भारतीय**




### स्मृति का भी अर्धशतक

भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में 84 रन से जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और स्मृति मंधाना (67) की अर्धशतकीय पारी के दम पर 4 विकेट के नुकसान पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत से मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर सिर्फ 101 रन ही बना पाई।



## वर्ल्ड कप के फाइनल में भी इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हराया था

# सुपर ओवर में इंग्लैंड ने फिर दोहराया इतिहास, 3-2 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

इंग्लैंड ने इस साल विश्व कप फाइनल के सुपर ओवर में मिली सफलता को एक बार फिर से दोहराया। इंग्लैंड ने पांचवें और आखिरी टी-20 मैच में सुपर ओवर में मेजबान न्यूजीलैंड को हराकर पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने इस साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में सुपर ओवर में न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप जीता था। बारिश से बाधित इस अंतिम टी-20 मैच में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्षाबाधित मैच में 11 ओवर में पांच विकेट पर 146 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। कीवी टीम के लिए मार्टिन गुप्टिल ने 20 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 50 और कोलिन मुनरो ने 21 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 46 रन की विस्फोटक पारी खेली।

- न्यूजीलैंड दोनों बार जीत दर्ज करने से चूक गया
- वर्ल्ड कप में सुपर ओवर भी बराबरी पर रहा



**सुपर ओवर में हुआ सीरीज का फैसला**

न्यूजीलैंड से मिले 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम भी निर्धारित 11 ओवरों में सात विकेट पर 146 रन ही बना सकी। इंग्लैंड के लिए जॉनी बेयरस्टो ने 18 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 47, कप्तान इयोन मॉर्गन ने 17, सैम करेन ने 24 और टॉम करेन ने 12 रन बनाए। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन बनाने थे और मुकाबला टाई हो गया। इसके बाद सुपरओवर में इंग्लैंड ने 17 रन का स्कोर बनाया। इस स्कोर का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड के लिए मार्टिन गुप्टिल और टिम सिफर्ट ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। कीवी टीम को चार गेंदों पर 10 रन बनाने थे, लेकिन इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को इस स्कोर तक पहुंचने नहीं दिया और सुपरओवर में जीत दर्ज करके 3-2 से सीरीज जीत ली। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो को मैन ऑफ द मैच और न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।



# निशानेबाज तोमर ने दिलाया भारत को 13वां ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| दोहा

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को यहां 14वीं एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में रिकार्ड 13वां ओलंपिक कोटा दिलाया। तोमर ने आठ पुरुषों के फाइनल में 449.1 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। कोरिया के किम जोंगयुन (459.9) ने स्वर्ण ओर चीन के झोंगहाओ झाओ (459.1) ने रजत पदक जीता। इस 18 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने क्वालीफाईंग में 1168 अंक बनाकर फाइनल्स में जगह सुरक्षित की थी। इस स्पर्धा में भाग ले रहे अन्य भारतीयों में चैन सिंह क्वालिफिकेशन में 17वें और पारुल कुमार 20वें स्थान पर रहे।लंदन ओलंपिक 2012 में भारत के 11 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था जबकि रियो ओलंपिक 2016 में 12 भारतीय निशानेबाज उतरे थे।

- एशियाई चैंपियनशिप : फाइनल में 449 .1 अंक बनाकर जीता कांस्य

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

INDIA'S No. 1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो



तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश- यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा
कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गरांटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतल व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

**चिकित्सा**



बॉडी बनाएं
कोर्स मात्र 650/- महीना
फायदा न होने पर पैसे वापस
कद बढ़ाए
छोटा कद होने से अगर आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो आज ही हमारी आयुर्वेदिक दवा लें और कद बढ़ाए।
कोर्स 1000/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉम्पलेक्स,दुकान न.22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055,4310066

**लोन**
☞ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

**टावर**
☞ GOVT APPROVED COMPANY द्वारा अपनी खाली जमीन छत प्लांट पर मल्टीमीडिया टावर लगवाये 40 लाख एडवास 25000 किराया कोर्ट एग्रीमेन्ट email Hindustantawer31@gmail.com 7381258744

☞ महालक्ष्मी टावर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टावर लगवायें आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टावर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, प्लाट पर, 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट, 2 लोगों को नौकरी, सम्पर्क करें 9548973844, धोखेबाजों से सावधान।

### फ्रांस ने फेड कप जीतकर तोड़ा आस्ट्रेलिया का सपना

**पर्थ।** क्रिस्टिना म्लाडेनोविच और कैरोलिन गार्सिया ने रविवार को निर्णायक युगल मुकाबला जीतकर आस्ट्रेलियाई सपने को 3-2 से तोड़ते हुए 2003 के बाद फ्रांस को पहला फेड कप खिताब दिलाया। मौजूदा प्रारूप के अंतर्गत खेला जा रहा अंतिम टूर्नामेंट घरेलू टीम के लिए अच्छा नहीं रहा जो 45 साल में पहला खिताब जीतने में असफल रही। फ्रांसीसी जोड़ी ने एशले बार्टी और सामंता स्टोसुर को 6-4 6-3 से शिकस्त दी। यह फ्रांस का तीसरा खिताब है लेकिन 16 साल पहले अमेरिका को हराने के बाद यह उसका पहला खिताब है। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम पिछले नौ फेड कप फाइनल्स में एक में भी फतह हासिल नहीं कर पाई है।

**लोन**
☞ सभी योजनाओं के अंतर्गत भारतीय फाइनेंस मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, एग्रीकल्चर लघुउद्योग व समस्त लोन 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं विद्यार्थियों व फौजी भाइयों को विशेष छूट 074296-81655, 074296-79558

**लोन**
☞ Mittal India Finance कम्पनी देश की नम्बर-1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज, 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएँ, विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान वाट्सऐप नं. 63976-88983

**चिकित्सा**
शराब छुडवाये
हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

## मोमोटा ने जीता चीन ओपन का खिताब...



**शंघाई।** जापान के केंटो मोमोटा ने रविवार को यहां चोउ टिएन चेन को हराकर चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में फिर से पुरुष एकल का खिताब जीता। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी का यह इस वर्ष 10वां खिताब है। चीन की चेन युफेई ने जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर महिला एकल के अपने खिताब का सफल बचाव किया। मौजूदा दो बार के चैंपियन मोमोटा ने ताइवान के विश्व में नंबर दो चोउ को 21-15, 17-21, 21-18 से जबकि चेन ने ओकुहारा को 9-21, 21-12, 21-18 से हराया।

# वेस्टइंडीज ने 5 साल बाद जीती वनडे सीरीज, अफगानिस्तान को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में अफगानिस्तान को 47 रनों से मात देकर पांच साल बाद वनडे सीरीज जीतने में कामयाबी हासिल की है। दूसरे वनडे में जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान 247 रन बनाए थे। जिसके जवाब में अफगान टीम ने कड़ी टक्कर देने की कोशिश तो की, लेकिन वो 45.4 ओवरों में 200 रनों पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर विंडीज को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। टीम ने निकोलस पूरण के 67, इविन लुईस के 54, शाई होप के 43, शिमरोन हेटमायेर के 34 रनों के दम पर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के लिए नवीन उल हक ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

- पिछले पांच साल में वेस्टइंडीज टीम को हर वनडे सीरीज में मिली हार



## राहुल-अय्यर की तूफानी बैटिंग



एजेंसी ▶▶| नागपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 11.2 ओवर में 2 विकेट गंवा कर 89 रन बनाए हैं। श्रेयस अय्यर (20 रन) और केएल राहुल (47 रन) क्रीज पर हैं। भारत को रोहित शर्मा और शिखर धवन की जोड़ी से अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन 3 रन के कुल स्कोर पर रोहित शर्मा के रूप में टीम इंडिया को पहला झटका लग गया। रोहित शर्मा को सैफुल इस्लाम ने बोल्ड कर दिया।

इस समय हरियाणा, पंजाब, दिल्ली-एनसीआर और उत्तरप्रदेश समेत देश के कई राज्यों में प्रदूषण के कारण हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। ऐसे में लोगों में सांस, दिल और खांसी, दमा जैसी तमाम बीमारियां भी पैर पसार रही हैं। लोगों को डाक्टरी इलाज में पैसा लगाना पड़ रहा है। प्रदूषण संबंधी बीमारियों में अक्सर अस्पताल में भर्ती नहीं होते। इनका ओपीडी केयर से ही इलाज किया जाता है। पहले ओपीडी केयर इंश्योरेंस में कम ही शामिल होता था। अब कुछ हेल्थ इंश्योरेंस ओपीडी कवर भी देने लगे हैं। इसलिए आप ऐसा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लें, जिससे आपको कम खर्च में अच्छा प्लान मिल सके और अच्छे से इलाज हो सके।

# जहरीली हवा का कवच बनेंगे इंश्योरेंस प्लान

बीमे की बात

बिजनेस डेस्क

हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में प्रदूषण से हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। लोगों को सांस लेने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों में बीमारियों को खतरा भी मंडराने लगा है। राजधानी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जहरीली हवा से सर्वाधिक प्रभावित है।

इन राज्यों में बढ़ते प्रदूषण से लोगों को कई स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें हो रही हैं। ऐसे में जहरीली हवा के कारण खड़े होने वाले अनचाहे खर्च से खुद को बचाना जरूरी है। इसमें आपकी मदद करेगा एक ऐसा इंश्योरेंस प्लान, जो आपको प्रदूषण संबंधी बीमारियों के लिए कवर दे सके। इस हालात में ऐसा इंश्योरेंस प्लान लें जो बीमारियों पर आने वाले खर्च को कवर दे सके। इंश्योरेंस में बीमारी, हॉस्पिटलाइजेशन का खर्च शामिल हो। डे केयर ट्रीटमेंट और क्रिटिकल इलनेस के लिए भी कवर होना चाहिए। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे बेहतरीन हेल्थ प्लान जिससे आप अनचाहे खर्चों से मुक्ति पा सकेंगे।



### हवा में घुलता जहर

- दिवाली के पटाखों और पराली जलाने से बढ़ा प्रदूषण
- हवा प्रदूषण को एयर क्वालिटी इंडेक्स से मापा जाता है
- एक्यूआई अगर 50 के नीचे रहता है तो यह बेहतर है
- 50 से ज्यादा होने का मतलब हवा में प्रदूषण बढ़ गया
- दिल्ली में जनवरी-नवंबर में सिर्फ 2 दिन 50 से नीचे था
- नवंबर की शुरूआत में तो प्रदूषण 500 के स्तर को भी पार कर गया

### जहरीली हवा से बीमारी

- सांस संबंधी बीमारियां सबसे अधिक हो रही हैं
- अन्य शहरों में भी प्रदूषण संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं
- प्रदूषण से फेफड़ों में इंफेक्शन की शिकायतों में बढ़ोत्तरी हो रही
- हार्ट अटैक जैसी बीमारियों का भी बढ़ रहा खतरा

■ अभी खरीदने में लोगों को होगा बड़ा फायदा
■ बढ़ते प्रदूषण से हो रही बीमारियों में मिलेगा कवर
■ अनचाहे खर्च से खुद को बचाना भी जरूरी

### बहुत जरूरी

हेल्थ इंश्योरेंस लेना सबके लिए बेहतर है। हेल्थ इंश्योरेंस व्यक्तिगत स्तर पर भी ले सकते हैं। सिर्फ कंपनी से मिले मेडिक्लेम के भरोसे न रहें। इलाज का खर्च दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में हेल्थ इंश्योरेंस लेना बेहद जरूरी है, लेकिन समझबूझ कर लें।

### गंभीर बीमारी

क्रिटिकल इलनेस कवर में गंभीर बीमारियां भी कवर होती हैं। अभी कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए कवर मिलता है। गंभीर बीमारी होने पर लाखों का खर्च होता है।

### क्या ध्यान रखें

बाजार में कई तरह के हेल्थ इंश्योरेंस मिल रहे हैं। अलग-अलग पॉलिसी के फीचर भी अलग-अलग हैं। इंश्योरेंस लेते वक्त फीचर्स की तुलना जरूर कर लें। कम प्रीमियम के लालच में आकर पॉलिसी न खरीदें। इंश्योरेंस खरीदने के लिए सिर्फ एजेंट पर निर्भर न रहें। इंश्योरेंस लेते वक्त मौजूदा बीमारियों की जानकारी दें। जरूरत पड़ने पर एड-ऑन, राइडर लेने में न हिचकें।

### इंश्योरेंस ऐसे करेगा मदद

लगातार बढ़ते प्रदूषण के चलते बीमारियां भी बढ़ रही हैं। ऐसे में एक अच्छा हेल्थ इंश्योरेंस लेना काफी जरूरी है। इंश्योरेंस बीमारियों पर आने वाले खर्च को कवर करेगा। इसमें हॉस्पिटलाइजेशन का खर्च भी शामिल होगा। इसमें डे केयर ट्रीटमेंट और क्रिटिकल इलनेस के लिए भी कवर मिलेगा।

### ऐसे बचाएगा इंश्योरेंस

प्रदूषण संबंधी बीमारियों में अक्सर अस्पताल में भर्ती नहीं होते। इनका अक्सर ओपीडी केयर से इलाज किया जाता है। पहले ओपीडी केयर इंश्योरेंस में कम ही शामिल होता था। अब कुछ हेल्थ इंश्योरेंस ओपीडी कवर भी देने लगे हैं। बच्चों/माता-पिता के साथ रहते हैं तो फैमिली प्लान बेहतर होता है।

### आयुर्वेदिक इलाज और इंश्योरेंस

हेल्थ इंश्योरेंस में आयुर्वेदिक इलाज का भी विकल्प है। इसमें आयुर्वेदिक, होमियोपैथी और यूनानी इलाज भी संभव हो सकता है। मेडिकल इंश्योरेंस में आपको इलाज चुनने की आजादी रहेगी। इंश्योरेंस में जैसा चुनाव, उसी हिसाब से प्रीमियम भी मिलेगा।

### दिल के लिए अलग प्लान

हार्ट डिजीज के इलाज में काफी ज्यादा खर्च आता है। एंजियोप्लास्टी, ओपन-हार्ट सर्जरी जैसे इलाज होते हैं। हार्ट पेशेंट के इलाज में लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जेब पर अचानक लाखों रुपये का बोझ बढ़ जाता है। ऐसे में दिल के लिए विशेष पॉलिसी लेना फायदेमंद होता है।



# सावधान रहें ट्रेडिंग में फंसने से बचें

फॉरेक्स

बिजनेस डेस्क

अगर आप शेयर या फॉरेक्स बाजार में निवेश कर रहे हैं तो थोड़ी सी सावधानी बरतें और ज्यादा भावनात्मक होकर कदम नहीं उठाएं। बहुत सारे लोग शेयर या फॉरेक्स बाजार में इसलिए पैसे नहीं बना पाते हैं, क्योंकि वे ट्रेडिंग करते वक्त भावना के आवेग में फंस जाते हैं। भावनात्मक ट्रेडिंग करने से बड़ा नुकसान हो सकता है। इस लेख के जरिये हम आपको बताएंगे कि किस तरह से खुद को सावधान रखकर एक कारोबारी ट्रेडिंग करते वक्त भावना की चपेट में फंसने से बच सकता है। इससे उसको नुकसान भी नहीं होगा और मौका लगते ही आप अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### दैनिक नुकसान की सीमा तय करें

फोर्ब्स इंडिया के मुताबिक एक ट्रेडर को अपने दैनिक नुकसान की सीमा पहले से ही तय कर लेनी चाहिए। जैसे ही आप इस सीमा पर पहुंचते हैं। उस दिन कारोबार करना बंद कर दीजिए। अगला कारोबार अगले दिन ही कीजिए। यदि आप ऐसा नहीं कर पाते हैं जो नुकसान होने के ज्यादा चांस हैं। इसलिए खुद पर नियंत्रण भी रखें और अपना पैसा सुरक्षित करें। यदि आप दिनभर के नुकसान की सीमा तय कर लेंगे तो उतनी ही ट्रेडिंग करेंगे। यह बेहतर आइडिया है।

### लगातार तीन घाटा या लाभ के बाद बंद करें कारोबार

निवेश करते समय लगातार तीन बार लाभ उठाने या घाटा होने पर दिनभर के लिए ट्रेडिंग बंद कर दीजिए। लगातार तीन बार लाभ हो जाने पर हमें लगने लगता है कि हमसे अच्छा कोई ट्रेडर नहीं हो सकता है। इसके उलट लगातार तीन घाटे के बाद हम इसे अपने आत्मसम्मान का मुद्दा बना बैठते हैं और पहले से अधिक जोखिम लेकर बड़ा नुकसान कर सकते हैं। इसलिए खुद को काबू में रखें। ऐसा करने से आप बड़े नुकसान से बच सकते हैं। घाटा होने पर इसे नाक का सवाल नहीं बनाएं और मुनाफा होने पर खुद को तीसमारखां नहीं समझें। ऐसे में आप संतुलित होकर ट्रेडिंग कर सकेंगे।

### क्षमता से बड़ा दांव न लगाएं

यदि आपको बाजार से डर लगने लगे, तो समझ लीजिए कि आप बहुत अधिक पैसे को दांव पर लगा रहे हैं। आप उतने पैसे से ही ट्रेड करें, जितने का घाटा उठाने के लिए आप पहले से और खुशी से तैयार हों। इसका यह मतलब नहीं कि आपको घाटा उठाना अच्छा लगता है। लेकिन यह घाटा इतना बड़ा न हो जाए कि आपको रात में नींद न आ सके। ऐसा करने से आप बड़ी परेशानियों से बच जाएंगे और आसानी और मर्जी से ट्रेडिंग कर सकेंगे। एक निवेशक के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी क्षमता को परखता रहे।

### कुछ समय के लिए कंप्यूटर से हट जाएं

आप यह भी ध्यान रखें कि हर एक ट्रेड के पूरा होते ही कुछ समय के लिए आप अपने कंप्यूटर के स्क्रीन से दूर हट जाएं। इस दौरान आप थोड़ा टहल सकते हैं। चाय बना सकते हैं। नाश्ता बना सकते हैं। अपनी माता जी को फोन कर सकते हैं। आपको यह महसूस होना चाहिए कि आप अपने नियंत्रण में हैं, बाजार के नियंत्रण में नहीं। इससे आपको राहत भी मिलेगी और संतोष भी। ऐसा करने से आप खुशी-खुशी ट्रेडिंग कर सकेंगे। खुद पर बाजार को बोझ नहीं बनने देंगे।

### ट्रेडिंग के वक्त रणनीति न बदलें

ट्रेडिंग के समय यह भी ख्याल रखें हर ट्रेडिंग करते वक्त अपनी रणनीति पर कायम रहें। रणनीति बदलना भी कई बार जरूरी होता है। लेकिन यह काम ट्रेडिंग करते समय न करें। ट्रेडिंग करते वक्त रणनीति बदलने से कई बार भारी नुकसान हो सकता है। आप अपनी रणनीत पहले से ही तय करें। ताकि ट्रेडिंग के वक्त ज्यादा सोचना नहीं पड़े।

# ट्रेन टिकट की बुकिंग कर बाद में कर सकते हैं पेमेंट

रेलवे की कुछ सर्विस ऐसी होती है जिसके बारे में आम लोगों को जानकारी नहीं होती। लेकिन ये सुविधाएं उनके बहुत काम की होती हैं।आईआरसीटीसी की एक ऐसी ही सर्विस है जिसके बारे में आमतौर पर लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। यह सर्विस है आईआरसीटीसी की 'बुक नाउ-पे लेटर' सर्विस। इस सर्विस के इस्तेमाल से आप टिकट बुक करके बाद में उसका पेमेंट कर सकते हैं। आईआरसीटीसी की इस सर्विस का यह भी फायदा है कि तत्काल टिकट बुकिंग के वक्त आपको पेमेंट गेटवे फेल्योर जैसी समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।

### ऐसे इस्तेमाल करें यह सेवा

- आईआरसीटीसी अकाउंट पर लॉग इन करें
- अपनी यात्रा का विवरण भरें
- पेमेंट पेज पर जाकर 'पे लेटर' के विकल्प को चुनें
- जैसे ही आप इस पर क्लिक करेंगे तो आप ई-पे लेटर की वेबसाइट पर रि-डायरेक्ट हो जाएंगे। यहां आपको लॉगइन करके बुकिंग का अमाउंट कंफर्म करना होगा।

### पेमेंट के लिए मिलता है इतना समय

इसके तहत यात्री बुकिंग के 14 दिन के बाद तक पे कर सकते हैं। इसमें उन्हें अतिरिक्त शुल्क भी देना होगा। आपको 3.50% सर्विस चार्ज और साथ में टैक्स भी भरना होगा। इसके अलावा ई-पे लेटर फिलहाल जीरो परसेंट ट्रांजैक्शन फी भी ऑफर कर रहा है। अगर आप 14 दिनों के अंदर पेमेंट नहीं कर पाते तो आपका क्रेडिट कम किया जा सकता है जिससे आप अगली बार आईआरसीटीसी की इस सुविधा का फायदा नहीं उठा पाएंगे। इतना ही नहीं आपका आईआरसीटीसी अकाउंट डि-एक्टिवेट भी किया जा सकता है।

# संभलकर करें ऑनलाइन लेनदेन छोटी गलती कर सकती है बड़ा नुकसान

वित्तीय साक्षरता

बिजनेस डेस्क

आप जब भी ऑनलाइन लेनेदेन करें, संभलकर करें। क्योंकि एक छोटी गलती आपके खाते को खाली कर सकती है। इससे आपको भारी नुकसान भुगतना पड़ सकता है। देखने में आ रहा है कि डिजिटल पेमेंट से संबंधित कई तरह के फ्रॉड सामने आए हैं। धीरे-धीरे लोगों ने डिजिटल पेमेंट को अपना लिया है, लेकिन कई बार धोखाधड़ी का सामना करने के बाद इन तरीकों से विश्वास उठ जाता है। डिजिटल पेमेंट आसान और सुविधाजनक है, लेकिन सावधान रहने की भी जरूरत है। आइए जानते हैं कि ये फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे बचने के लिए क्या करना चाहिए।

### मोबाइल एप्लिकेशन स्कैम

कुछ 'लुटेरों' ने किसी एनजीओ के नाम से फर्जी नंबर रखे हैं। ये लोग किसी को भी कॉल करते हैं और उनसे कोई सॉफ्टवेअर डाउनलोड करने को कहते हैं। इसके बाद वे यूजर की स्क्रीन को ही हैक कर लेते हैं। एक महिला से एनीडेस्क नाम का सॉफ्टवेअर डाउनलोड करने को कहा गया। वह अपने पालतू कुत्ते को दफनाने के लिए एनजीओ से संपर्क करना चाहती थीं। बाद में उनके अकाउंट से 30 हजार रुपये कट गए। उन्होंने डेबिट कार्ड का पिन नहीं बताया था, लेकिन स्क्रीन हैक होने की वजह से डेबिट कार्ड की डीटेल लीक हो गई। इसलिए बिना जाने समझे किसी के कहने पर एप डाउनलोड करने से बचें।

### फर्जी इंश्योरेंस की बिक्री

हाल ही में कई यूआरएल फर्जी पॉलिसी बेचते पकड़े गए। बाद में आईआरडीए ने इसके खिलाफ अलर्ट जारी किया और ऐसे यूआरएल को ब्लॉक कर दिया गया। इसलिए जरूरी है कि पहले ठीक से पता करें कि कौन सी वेबसाइट ऑफिशल है और कौन सी फर्जी और इसके बाद ही किसी को पैसे ट्रांसफर करें।



### टैक्स रिफंड के नाम पर ठगी

मुंबई के एक प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी के पास इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से एक लिंक आया जिसमें टैक्स रिफंड की बात कही गई थी। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में एक एप डाउनलोड हो गया। इसके बाद किसी ने उनकी अकाउंट लॉगिन डीटेल हासिल करके अकाउंट से पैसे उड़ा दिए। ध्यान रखना चाहिए कि आईटी विभाग खाते में सीधे रिफंड भेज देता है। किसी भी ऐसे लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें जो कि अकाउंट डीटेल मांग रहा हो।

### केवाईसी अपडेट

केवाईसी अपडेट करने के लिए एक लिंक पर क्लिक करने के बाद एक आईएएस ऑफिसर को 6 लाख रुपये का चूना लग गया। उन्होंने अकाउंट डीटेल डालने के बाद ओटीपी डाला। तुरंत बैंक से मैसेज आ गया कि अकाउंट से 6 लाख रुपये का ट्रांजैक्शन किया गया है। इसलिएऑफिशल वेबसाइट पर ही यकीन करना चाहिए और एसएमएस पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

### कमजोर पासवर्ड

कई बार लोग अनजाने में ही हैकर्स की ही मदद कर बैठते हैं। यूके के नैशनल साइबर सिक्यॉरिटी सेंटर (एनसीएससी) ने हाल ही में सबसे ज्यादा हैक होने वाले पासवर्ड की लिस्ट जारी की है। जारी किए गए डेटा के मुताबिक 2 करोड़ 30 लाख लोगों को पासवर्ड इसलिए हैक हुआ क्योंकि यह 123456 था। इसलिए पासवर्ड को हमेशा अलग तरह से बनाना चाहिए और इसमें केवल डिजिट या अल्फाबेट नहीं रखने चाहिए, मिक्स रखें।

### फर्जी यूपीआई पेमेंट लिंक

एक व्यापारी से जालसाजों ने डिजिटल वॉलेट से 10 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। बताया गया कि ऑनलाइन स्कूटर खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। इसके बाद पेमेंट करने के लिए यूपीआई आईडी और ओटीपी एंटर किया। इसके बाद उनके अकाउंट से 1.53 लाख रुपये कट गए। ध्यान रखना चाहिए कि पेमेंट केवल ऑफिशल भीम या बैंक के एप से ही करें। फर्जी यूपीआई पेमेंट लिंक से बच कर रहें।

# बच्चों के लिए घर खरीदने का फैसला कितना सही, कितना गलत

बिजनेस डेस्क ▶▶ रोहतक

बच्चों के लिए घर खरीदना लोगों की अपनी हालत पर निर्भर करता है, लेकिन क्या संपत्ति तैयार करने का यह वाजिब तरीका है? प्रॉपर्टी खरीदने से पहले समझें कि यह विवाद की जड़ है या वित्तीय हालत सुधारने का जरिया है। प्रॉपर्टी को दो या अधिक बच्चों के बीच बांटना चाहें तो हो इसमें दिक्कत हो सकती है। बच्चे अगर कहीं और दूर बसे हों तो घर उनके निजी इस्तेमाल में नहीं आएगा। वहीं माता-पिता की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो मुमकिन है कि बच्चे नाबालिग होने के कारण संपत्ति न संभाल पाएं। यदि आप संपत्ति को निवेश का जरिया बनाना चाहते हैं, तो उसे वसीयत के तहत बच्चों को सौंपें।

यदि आप बच्चों के लिए संपत्ति में निवेश कर रहे हैं तो, एक बार इस बात पर जरूर गौर करें कि यह फैसला कितना सही है और कितना गलत। बच्चों के लिए घर खरीदना लोगों की अपनी हालत पर निर्भर करता है, लेकिन क्या संपत्ति तैयार करने का यह वाजिब तरीका है? अभिभावकों के लिए बच्चों की पढ़ाई और शादी फाइनेंशल प्लानिंग के लिहाज से दो अहम लक्ष्य होते हैं। जिनके पास थोड़ा अधिक पैसा होता है, वे विरासत के तौर पर प्रॉपर्टी या कोई अन्य संपत्ति बच्चों के नाम करना चाहते हैं। लेकिन एक बार जरूर सोचें कि क्या यह अगली पीढ़ी के लिए फायदे से अधिक समस्याएं लेकर आता है? इस रिपोर्ट के जरिये हम बच्चों के लिए संपत्ति के तौर पर घर खरीदने के फायदे और नुकसान पर एक नजर डालते हैं।

### प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद

देश में लगभग 66 प्रतिशत सिविल केस जमीन या प्रॉपर्टी से जुड़े हैं। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट जितने मुकदमों में फैसला सुनाता है, उनमें से 25 फीसदी जमीनी विवाद के होते हैं। अगर कोई अपने बच्चों के लिए घर खरीदे, लेकिन बिना वसीयत तैयार किए उनकी मृत्यु हो जाए तो भाई-बहनों के बीच यह फसाद की जड़ बन सकता है। ऐसा तब ज्यादा होता है, जब कोई एक प्रॉपर्टी को दो या अधिक बच्चों के बीच बांटना चाहे। अगर वसीयत तैयार कर ली जाए, तो भी माता-पिता की मौत के बाद प्रॉपर्टी की बिक्री में अकसर विवाद हो जाता है। वर्षों पुराने प्रॉपर्टी से जुड़े कानूनों के तहत ये मसले सुलझाने में कई साल लग जाते हैं। इस प्रक्रिया में पैसा भी बहुत खर्च होता है।

### निजी इस्तेमाल

अगर आपके बच्चों को पैसे की कोई कमी न हो और वे विदेश में रह रहे हों या देश में ही किसी दूसरे शहर में बसे हों तो घर उनके निजी इस्तेमाल में नहीं आएगा। अगर वे उसमें रिटायरमेंट के बाद रहने की इच्छा रखते हैं, तो इतने वर्षों बाद काफी मरम्मत करानी पड़ेगी। इसके लिए उन्हें भारी खर्च करना पड़ेगा और खुद वहां जाकर यह काम कराना पड़ेगा। अगर आपने घर उनके लिए निवेश की तरह खरीदा है, तो दूसरे शहर में रहकर घर बेचना भी आसान काम नहीं है।



### अचानक मृत्यु हो जाना

अगर माता-पिता की आकस्मिक या अकाल मृत्यु हो जाती है तो मुमकिन है कि बच्चे नाबालिग होने के कारण संपत्ति न संभाल पाएं। वसीयत नहीं होने पर प्रॉपर्टी पर गलत लोग कब्जा जमा सकते हैं। अगर घर खरीदते समय आपका बच्चा छोटा है तो तुरंत एक वसीयत तैयार करें या प्रॉपर्टी को किसी विश्वसनीय व्यक्ति के हाथ में सौंपें। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि अचानक मौत होने पर कब, कैसे व किसे प्रॉपर्टी दी जाएगी। वसीयत बनाने वाले और गवाहों को सोच-समझकर चुनें।

### वसीयत के तहत ही सौंपें

अगर आप प्रॉपर्टी को बच्चों के लिए निवेश का जरिया बनाना चाहते हैं, तो उसे वसीयत के तहत उन्हें न सौंपें। विवाद से बचने के लिए समय से उसे बेचकर बच्चों में पैसे का बंटवारा कर दें। आप निवेश के अन्य विकल्प भी ढूंढ़ सकते हैं, जिनमें बराबर रिटर्न मिलता है।

### रिवर्स मॉर्गेज

अगर आप अपना घर बच्चों को देना चाहते हैं, लेकिन उन्हें उसकी जरूरत नहीं है तो आप रिवर्स मॉर्गेज का सहारा ले सकते हैं। इससे बुढ़ापे में इनकम बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रॉपर्टी के मालिक के निधन के बाद कर्जदाता प्रॉपर्टी को बेच देगा व बच्चों को उसकी चिंता नहीं करनी होगी। हालांकि अगर आप बेचना नहीं चाहते तो आपको बच्चों को पहले से बताना होगा कि उन्हें कर्ज चुकाकर इसे खरीदने के लिए फंड जुटाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### जापान में दुर्लभ शाही परेड में पहुंचे हजारों लोग

**तोक्यो।** जपान में रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हाल में गद्दी संभालने वाले सम्राट नरुहितो और साम्राज्ञी मसाको खुली छत वाली कार में सवार होकर दुर्लभ शाही परेड में शामिल हुए जिसे देखने के लिए हजारों की भीड़ एकत्र हुई। शाही जोड़े की यह परेड मध्य तोक्यो से शुरू हुई और 4.6 किलोमीटर (2.9 मील) तक चली। शाही जोड़े का लोगों ने हाथ हिलाकार का अभिवादन किया। यह परेड 22 अक्टूबर को होनी थी लेकिन हाल में आए तूफान हागिबिस के कारण हुई तबाही की वजह से इसे टाल दिया गया था। वर्ष 1993 में विवाह के बाद शाही युगल की यह पहली परेड है। शाही जोड़े की करीब आधे घंटे की परेड को देखने के लिए रात से ही भीड़ जुटने लगी थी। नरुहितो(59) ने इस वर्ष मई में अपने पिता के बाद आधिकारिक तौर पर शाही गद्दी ग्रहण की है। नरुहितो का राज्याभिषेक समारोह पिछले महीने आयोजित किया गया था। राजनयिक परिवार में जन्मी और हार्वर्ड से शिक्षा प्राप्त करने वाली मसाको ने शाही परिवार में शादी करने के लिए अपना राजनयिक करियर छोड़ दिया।

### हांगकांग प्रदर्शन: सांसदों की गिरफ्तारी से बवाल

**हांगकांग।** लोकतंत्र समर्थक सांसदों की गिरफ्तारी से नाराज हांगकांग में प्रदर्शनकारियों ने एक मेट्रो स्टेशन और शॉपिंग मॉल में खिड़कियों को तोड़ दिया। प्रत्यर्पण बिल को लेकर चल रहा ये प्रदर्शन अपने छठे महीने में पहुंच गया है। नाराज प्रदर्शनकारियों ने मेट्रो स्टेशन की खिड़कियां तोड़ दी और एक टिकट मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए भारी तादात में पुलिसबल मौजूद था। फिलहाल किसी के गिरफ्तार किए जाने की कोई खबर नहीं है। वहीं, एक दूसरी घटना में लगभग तीन दर्जन प्रदर्शनकारियों ने उत्तर-पश्चिमी जिले के एक शॉपिंग मॉल में भी तोड़फोड़ की। कुछ प्रदर्शनकारियों ने मॉल की खिड़कियों को तोड़ दिया और रेस्टोरेंट की टेबलों को पलट दिया। एक अखबार अपनी वेबसाइट पर एक वीडियों अपलोड किया है, जिसमें पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रही है।

### छात्रों ने ग्लेशियर को पिघलते हुए देखा

**विक।** आइसलैंड की सातवीं कक्षा की छात्रा लील्जा इनारस्डोट्टिर अपने सहपाठियों के साथ अनोखी शिक्षण यात्रा पर है। वह जलवायु परिवर्तन की वजह से पिघल रहे सोल्हेईमाजोकुल ग्लेशियर को देखने पहुंची है। उसने यह भी जाना कि यह एक साल में कितना पिघला है। लील्जा ने कहा कि यह बहुत खूबसूरत है लेकिन साथ ही इसे पिघलते हुए देखकर दुख भी हो रहा है। अक्टूबर 2010 से लगातार यहां आ रहे और अब सेवानिवृत्त हो चुके स्कूली शिक्षक जान स्टीफेंसन गांव हवोल्स्वोलुर स्थित स्कूल से ऐसे बच्चों को लेकर पहुंचे हैं जिनकी उम्र लगभग 13 साल है। यह गांव ग्लेशियर से करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित है। छात्रों के मापन के अनुसार नतीजे चौंकने वाले है। दो पहाड़ियों के बीच स्थित सोल्हेईमाजोकुल ग्लेशियर पिछले एक दशक में सालाना 40 मीटर की दर से सिकुड़ता रहा है।

## नेपाल मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल का संदेह भी बढ़ा

# प्रधानमंत्री सचिवालय के 17 सदस्यों को इस्तीफा देने का आदेश, कई अधिकारियों ने छोड़ा पद

एजेंसी ▶▶| काठमांडु

नेपाल के प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली के सचिवालय के सत्रह सदस्यों ने अपना इस्तीफा दे दिया है। ये 17 नवंबर से प्रभावी होगा।

ये अभूतपूर्व कदम प्रधानमंत्री ओली की सरकार और स्वास्थ्य की स्थिति पर बढ़ती आलोचना के समय आया है। ओली किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे, हाल ही में उन्होंने अपनी किडनी ट्रांसप्लांट कराई थी। इस्तीफा देने वाले वरिष्ठ सलाहकारों में से एक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि पीएम ओली ने खुद उनसे इस्तीफा देने को कहा।

### प्रधानमंत्री को सौंप दिया इस्तीफा

सदस्यों ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। शनिवार को उन्होंने हम सभी को बुलाया और इस्तीफा देने को कहा। उनके अनुरोध के अनुसार, हमने आगे का रास्ता साफ करते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है लेकिन यह केवल 17 नवंबर से प्रभावी होगा। पीएम सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी ने प्रधानमंत्री के इस कदम के पीछे संभावित कारण के बारे में आगे बात करने से इनकार कर दिया। पीएम ओली के इस फैसले से मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल का संदेह भी बढ़ गया है।

**इन अधिकारियों ने दिया इस्तीफा:** प्रधान मंत्री के मुख्य सलाहकार विष्णु रिमल, विदेश मामलों के सलाहकार राजन भट्टारी, जनसंपर्क अधिकारी अच्युत मेनली, निजी सचिव इंद्र भंडारी, प्रेस सलाहकार कुंदन आर्यल, सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार असगर अली उन सचिवालय सदस्यों में से हैं जिन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।



### सातों प्रांतों में नए गवर्नरों की हुई नियुक्ति

हाल ही में नेपाल के सातों प्रांतों में केपी शर्मा ओली सरकार ने नए गवर्नरों की नियुक्ति की थी। दरअसल, नेपाल सरकार ने सभी राज्यपालों को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद नए राज्यपालों की नियुक्ति की गई थी। सरकार ने पहले आपातकाली बैठक बुलाई इसके बाद ये फैसला लिया गया था। बता दें कि सोमनाथ अधिकारी को प्रांत 1, तिलक परियारप्रांत 2, बिष्णु प्रसाद प्रांत 3, गंडकी प्रांत का आमिक शेरचन, प्रांत 5 का धर्मनाथ यादव, गोविंदा कलौनी प्रांत 6 और शर्मिला कुमारी की प्रांत 7 के गवर्नर के तौर पर नियुक्ति की गई थी।

# बीमार नवाज शरीफ के लंदन जाने में इमरान सरकार ने लगाया अड़ंगा

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को नो-फ्लाई सूची से निकालने में देरी होने के कारण उन्हें इलाज कराने के लिए रविवार को लंदन जाने के अपने कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख को एग्जिट कंट्रॉल लिस्ट (ईसीएल) से बाहर करने के संबंध में नेशनल अकाउंटिबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) और गृह मंत्रालय शनिवार को निर्णय नहीं ले सका। एक सूत्र ने डॉन न्यूज को बताया कि शरीफ अपने भाई शहबाज शरीफ के साथ रविवार सुबह पीआईए की उड़ान से लंदन जाने वाले थे। सभी तैयारियां हो गई थीं लेकिन अंतिम समय में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार ने एक चाल चली और शरीफ का नाम ईसीएल सूची से नहीं हटाया।' उन्होंने कहा कि सरकार ने शुक्रवार को बयान दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री का नाम ईसीएल से हटाना सिर्फ औपचारिकता है।



- नवाज शरीफ को नो-फ्लाई सूची से निकालने में हुई देरी
- इलाज के लिए रविवार को लंदन जाने के कार्यक्रम में बदलाव

उन्होंने कहा कि हम चकित हैं कि प्रधानमंत्री इमरान खान के आश्वासन तथा उनके सलाहकार और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के सकारात्मक बयानों के बावजूद नवाज शरीफ का नाम ईसीएल से नहीं हटा, जिससे पता चलता है कि इस संबंध में जरूर कोई समस्या है।'सूत्र ने इस देरी को शरीफ के स्वास्थ्य की नजर से बहुत खतरनाक बताया।

उन्होंने डॉन न्यूज को बताया कि नवाज शरीफ की तबीयत बहुत नाजुक है और उनकी हालत प्लेटलेट्स की अस्थिरता के कारण लगातार बिगड़ती जा रही है। सरकार की कथनी और करनी में विरोधाभास से सिर्फ स्थिति बिगड़ती जा रही है।'

## पर्यावरणविदों ने की अपील

# जैव विविधता पुनस्थापित करने के लिए नया दृष्टिकोण अपनाए

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

पर्यावरण सरंक्षणवादी वैज्ञानिकों ने दुनियाभर की सरकारों से मांग की है कि वे आर्थिक विकास के पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को लेकर नया दृष्टिकोण अपनाए। ऑस्ट्रेलिया स्थित क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों सहित अन्य वैज्ञानिकों ने कहा कि दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़े ताकि आर्थिक विकास से होने वाले (पर्यावरणीय) नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। नए दृष्टिकोण का उल्लेख जर्नल 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' में टिप्पणी के तौर पर किया गया है। वैज्ञानिकों ने उस विचार को खारिज कर दिया है जिसके मुताबिक आर्थिक विकास के लिए जैव विविधता को नुकसान अपरिहार्य है।

क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेम्स वाटसन ने कहा कि इस नए सकारात्मक दृष्टिकोण का विचार पयार्वरण सरंक्षण अनुक्रम पर आधारित है जो जैवविविधता सरंक्षण कार्यक्रम का ढांचा इस आधार पर तैयार करेगा कि कैसे पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण में इनकी हिस्सेदारी होगी।शोधकर्ताओं ने आर्थिक गतिविधियों से सबसे अधिक पर्यावरण को लाभ हो यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक महत्वकांक्षी और अग्रसक्रिय कदम उठाने की मांग की। वॉटसन ने कहा कि संरक्षण गतिविधियां इस पर आधारित होनी चाहिए कि प्राकृतिक दुनिया को संरक्षित रखने में हमारे दृष्टिकोण से कितना मेल खाता है बजाय कि प्रजातियों और पारिस्थिति को बचाने के लिए। शोधकर्ताओं ने कहा कि नीति निर्माताओं को विकास के पर्यावरण पर होने वाले असर को कम करने वाली नीति को तुरंत और गंभीरता से प्राथमिकता देनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने जैवविविधता पर अगले साल चीन में होने वाली संयुक्त राष्ट्र की बैठक से पहले भाषा एवं दृष्टिकोण में बदलाव करने की मांग की है।

### तालिबान का आतंकी कमांडर हवाई हमले में सेना ने किया ढेर

**लोगार।** अफगानिस्तान में सेना ने तालिबान के कमांडर को ढेर कर दिया है। तालिबानी कमांडर को हवाई हमले में ढेर किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रविवार को तालिबान के एक कमांडर को अफगानिस्तान के मध्य लोगार प्रांत में अफगान सेना ने हवाई हमले में मार गिराया है। टोलो न्यूज ने बताया कि तालिबान के कमांडर की पहचान वैसुद्दीन के रूप में हुई है, जो अफगानिस्तान में तीन जजों की हत्या में शामिल था। बयान में कहा गया है कि तीन दिन पहले तीन जजों की हत्या में आतंकी वैसुद्दीन शामिल था। बता दें, 6 नवंबर को अफगानिस्तान के लोगार प्रांत के मोहम्मद आगा जिले में एक आतंकी हमले में तीन अफगान न्यायाधीश और एक प्रशासनिक अधिकारी मारे गए थे। 6 नवंबर को लोगर प्रांत के मोहम्मद आगा जिले में एक घात में तीन अफगान न्यायाधीश और एक प्रशासनिक अधिकारी मारे गए। हालांकि, तालिबान की ओर से उनके आतंकी कमांडर की मौत पर अबतक कोई बयान सामने नहीं आया है।

## हजारों भारतीयों को कोर्ट से मिली राहत

# अमेरिका की कोर्ट ने किया एच-1 बी वीजा धारकों के जीवनसाथियों के वर्क परमिट रद्द करने से इनकार

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका में रहने वाले हजारों भारतीयों को अमेरिकी कोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने कुछ समय के लिए एच-1 बी वीजा वाले कर्मचारियों की पति-पत्नी के वर्क परमिट रद्द करने से इनकार किया है।

ओबामा प्रशासन के समय एच-1 बी वीजा धारकों के पति या पत्नी को अमेरिका में काम करने की अनुमति दी गई थी। एच-1 बी वीजा गैर-आव्रजक वीजा है।

यह वीजा अमेरिकी कंपनियां द्वारा उन विदेशी कर्मचारियों को जारी किया जाता है,




जिन्हें विशिष्ट योग्यता वाले कर्मचारी की आवश्यकता होती है।

तकनीकी क्षेत्र की कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से लाखों कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए इस पर निर्भर होती है। बराक ओबामा द्वारा 2015 में जारी एक नियम के मुताबिक, एच-1 बी वर्क वीजाधारक नागरिकों के पति/पत्नियों को काम करने के लिए एच-4 वीजा जारी किया जाता है।

### भारतीय महिलाओं को मिलेगा विशेष लाभ

इस नियम से भारतीयों विशेषकर महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। इसे खत्म करने के लिए कई अमेरिकी कार्यकर्ताओं ने ट्रंप प्रशासन के साथ कोर्ट में चुनौती दी थी। इनकी मांग थी कि इस नियम को रद्द किया जाना चाहिए। कोलंबिया जिला अदालत की तीन जजों की बेंच ने शुक्रवार को एक निचली अदालत को यह मामला वापस भेज दिया। इसमें कहा गया कि निचली अदालत को इस फैसले पर पूरी तरह से आंकलन करने और यह इस पर नए सिरे निर्णय लेने की आवश्यकता है।

### संशोधन से अमेरिकी व्यवसायियों को कम समस्याएं होंगी: कोर्ट

कोर्ट ने कहा कि सरकार का कहना था कि एच-1 बी वीजा धारक नागरिकों और उनके परिवारों को ग्रीन कार्ड पाने में अक्सर विलंब का सामना करना पड़ता है। इस कारण काम करने में ऐसे नागरिकों को व्यक्तिगत और आर्थिक कष्ट झेलना पड़ता है। होमलैंड सिक्युरिटी विभाग ने इस नियम में संशोधन करने की मांग की थी। उनका कहना था कि इसमें संशोधन होने से अमेरिकी व्यवसायियों को काम करने में कम समस्याएं होंगी।

# सीईसीए के तहत सिंगापुर में बिना शर्त कोई नौकरी नहीं: मंत्री चान

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री चान चुन सिंग ने कहा है कि भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) भारतीय नागरिकों को सिंगापुर में बिना शर्त पहुंच या आव्रजक विशेषाधिकार मुहैया नहीं कराता।

चान ने शनिवार को कहा कि इस द्विपक्षीय समझौते से सिंगापुर के लोगों की नौकरियां छिनने के दावों का लक्ष्य आर्थिक अनिश्चितता के समय में भय पैदा करना है। मंत्री का यह बयान उस वीडियो के ऑनलाइन सामने आने के बाद आया है जिसमें एक पूर्व भारतीय नागरिक पॉश रिहाइशी परिसर 'ऐट रिवरसुइट' में सुरक्षाकर्मी पर चिल्ला रहा है। पुलिस ने बताया कि सिंगापुरी नागरिक रमेश एरामल्ली के खिलाफ 'सुरक्षा अधिकारी को जानबूझकर प्रताड़ित' करने के मामले में जांच की जा रही है। यह घटना दीवाली के दौरान हुई।

ऐट रिवरसुइट में रात 11 बजे के बाद पार्किंग के लिए मेहमानों को 10 सिंगापुरी डॉलर का भुगतान करना होता है। इस वीडियो में एरामल्ली इसी बात को लेकर सुरक्षा कर्मी को अपशब्द कहते दिख रहे थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद सिंगापुर में एरामल्ली की खासी आलोचना हुई। एरामल्ली ने इसके बाद सुरक्षाकर्मी से माफी मांग ली थी। 'चैनल न्यूज एशिया' ने अपनी एक खबर में बताया कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर भी झूठी बातें फैलाई जा रही है।

### मृतक भारतीय मजदूर के लिए पैसे जुटा रहा है आव्रजक समूह

**सिंगापुर।** निर्माणाधीन स्थल पर क्रेन हादसे में मारे गए एक भारतीय कर्मचारी के परिवार को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए सिंगापुर में आव्रजक कर्मचारियों का एक समूह नियोक्ताओं और ठेकेदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। गैर-सरकारी संगठन 'माइग्रेंट वर्कर्स सेंटर' (एमडब्ल्यूयसी) ने शनिवार को बताया कि वेलमुरुगन मुथियन (28) के परिवार की थोड़ी आर्थिक सहायता करने की कोशिश कर रहा है। जबकि 'वर्क इंजरी कम्पनसेशन एक्ट' (डब्ल्यूआईसीए) के तहत मामले की सुनवाई जारी है, जिसके तहत उन्हें 1,00,000 सिंगापुरी डॉलर मिलने की उम्मीद है। एमडब्ल्यूयसी विशेषज्ञों को मुआवजा प्रक्रिया के तीन से छह महीने में पूरी होने की उम्मीद है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार स्वंयसेवी संगठन 'इट्स रेनिंग रेनकोट्स' ने ऑनलाइन भी उनके लिए पैसे इकट्ठे करने शुरू कर दिए हैं। मुथियन के परिवार को देने के लिए अभी तक 1,58,000 सिंगापुरी डॉलर इकट्ठे कर लिए गए हैं।




## एक दिंसबर को चरखी दादरी के गांव बलाली में होगी शादी

# पहलवान विवेक के साथ विवाह रचाएंगी बबीता फोगाट

एजेंसी ▶▶| चरखी दादरी

कॉमनवेल्थ खेलों की गोल्ड मेडल विजेता रेसलर बबीता फोगाट ने अपना जीवन साथी चुन लिया है। आगामी एक दिसंबर को बबीता शादी के बंधन में बंध जाएगी। झज्जर जिले के मातनहेल गांव के निवासी और पहलवान विवेक सुहाग उनके दुल्हे बनेंगे। फिलहाल विवेक अपने परिवार के साथ नजफगढ़ में रहते हैं। शादी हरियाणवी रीति-रिवाज के अनुसार बबीता के गांव बलाली में होगी। शादी के बाद दो दिसंबर को दिल्ली में रिसेप्शन का कार्यक्रम होगा।

रेलवे में विवेक सुहाग की बबीता से नेशनल कैंपों में मुलाकात हुई और ये मुलाकात प्यार में बदल गई। पिता द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर पहलवान व चाचा सज्जन बलाली ने नजफगढ़ में रहने वाले भारत केसरी पहलवान विवेक सुहाग से शादी का रिश्ता पक्का किया था। विवेक क पैतृक गांव झज्जर जिले में मातनहेल है।



- नजफगढ़ में रहता है विवेक का परिवार
- बिना दहेज के होगी शादी
- खीर-हलवा , चूरमा व हरियाणवी खाना होगा आकर्षण

### पीएम समेत कई नामी हस्तियों को भेजा निमंत्रण

शादी में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फिल्म स्टार आमिर खान समेत राजनीतिक, फिल्मी व खेल जगत की अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को निमंत्रण दिया गया है। बबीता ने स्पष्ट किया है कि वह शादी के बाद भी राजनीति से जुड़ी रहेंगी।

### हरियाणवी देसी खाने का लुत्फ उठाएंगे मेहमान

बबीता के अनुसार शादी में अपने वाले मेहमानों को देखते हुए हरियाणवी देसी खाना तैयार कराया जाएगा। जिसमें खीर- हलवा, चूरमा, बाजरा रोटी, चटनी सहित सभी व्यंजन तैयार करवाए जाएंगे। परिजनों की मानें तो बबीता की शादी सादे समारोह में पुरानी रीति रिवाज से होगी। शादी बिना दान-दहेज की जाएगी। परिजनों ने बताया कि शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। दोनों बच्चों की खुशी में उनकी खुशी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109